हरिभूमि

# रायपुर भूमि

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद कश्मीर घूमने का प्लान बनाने वाले लोग सहम गये हैं। अपनी और परिवार की सुरक्षा की चिंता लेकर फ्लाइट और ट्रेनों के टिकट कैंसिल कराने का दौर शुरू हो गया है। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि कश्मीर के लिए बुक हुए 90 फीसदी टिकट कैंसिल हो जाएंगे।

## आतंकी हमले से सहमे लोग, कश्मीर की फ्लाइट और ट्रेनों की 90 फीसदी बुकिंग कैंसिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हमले के दूसरे दिन बुकिंग रद्द होने की वजह से रायपुर-श्रीनगर की कनेक्टिंग फ्लाइट का फेयर कम हो गया। वहीं ट्रेन में जम्मू जाने के लिये एक भी टिकट बुक नहीं हुआ। टूरिज्म कारोबार से जुड़े लोगों का मानना है कि इस आतंकी हमले के बाद गर्मी के सीजन में कश्मीर में होने वाला कारोबार ठप हो गया है। घटना के बाद वहां फंसे लोग जल्द से जल्द घर लौटना चाह रहे हैं। वहीं आने वाले दिनों में वहां यात्रा की तैयारी करने वालों ने तौबा कर ली है और ट्रेनों तथा फ्लाइट के लिये बुक कराए गए टिकट को रद्द करवा रहे हैं। रायपुर के दो बड़े ट्रैवल्स कारोबारियों के यहां बुधवार को दर्जनभर टिकटों की बुकिंग कैंसिल कराई गई। इसी तरह प्रदेश में मौजूद दो दर्जन के करीब अन्य ट्रैवल एजेंसियों ने टिकट कैंसिल किया। दावा किया जा रहा है कि इस सीजन में कश्मीर जाने के लिए प्रदेश से जो टिकट बुक हुए थे, उसमें से 90 फीसदी रद्द करा लिए जाएंगे। पर्यटक ट्रेन के माध्यम से कश्मीर की यात्रा पर जाते हैं और दुर्ग से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन प्रमुख साधन है। बुधवार को इस ट्रेन से जम्मू के लिए एक भी टिकट का रिजर्वेशन नहीं लिया गया। ऑनलाइन तरीके से बुक हुए 50 फीसदी टिकट लोगों के रद्द कर दिया। सूत्रों का कहना है कि रायपुर से कश्मीर के लिए सीधी फ्लाइट की सुविधा नहीं है, यात्री यहां से दिल्ली जाकर फ्लाइट बदलते हैं। घटना के पहले रायपुर से कश्मीर वाया दिल्ली का फेयर 20 हजार तक पहुंच रहा था, जो अब 12 से 13 हजार तक पहुंच गया है। टिकट कैंसिल होने के बाद फेयर और भी कम हो जाएगा।

- प्रभावित हुआ पर्यटन, डर की वजह से लोगों ने छुट्टियों का प्लान बदला
- टिकट रद्द तो कम हुआ एयर फेयर, जम्मू के लिए ट्रेन में एक भी बुकिंग नहीं



श्रद्धांजलि



## श्रीनगर के होटल में पर्यटकों ने दी श्रद्धांजलि

श्रीनगर के होटल में मौजूद वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार तिवारी ने बताया कि आज यहां बंद का आह्वान किया गया था। इसीलिए उन्हें होटल से बाहर जाने की इजाजत नहीं थी। उनका साथियों के साथ वैष्णव देवी और कटरा जाने का प्रोग्राम था, मगर अब इच्छा नहीं है, सभी रायपुर लौटना चाहते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं संगठन महामंत्री पवन साय ने उनसे चर्चा की है। होटल में रुके छत्तीसगढ़ के पर्यटकों ने आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगा

ट्रैवल एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ अध्यक्ष रमन जादवानी एवं व्यास ट्रैवल्स के संचालक हरेन्द्र व्यास ने बताया कि लोग छुट्टियां मौज-मस्ती और खुशी भरे माहौल में मनाना चाहते हैं। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद कोई वहां नहीं जाना चाहेगा। मई-जून के लिए काफी संख्या में टिकट बुक हुआ था जिसके कैंसिल होने का दौर जारी है। आने वाले दिनों में व्यवस्था सामान्य हो जाती है, तब टूरिज्म की उम्मीद बनेगी। कश्मीर प्रदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा है।

घटना के समय मृतक की पत्नी, बेटा पास के रेस्टोरेंट में खाने का सामान लेने गए थे

## कारोबारी को बेटी के सामने सीने और सिर में मारी गोली, रात को पहुंचा शव, शुभचिंतकों की भीड़







हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कश्मीर, पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया को उसकी बेटी की आंखों के सामने एक आतंकी ने सिर तथा सीने पर गोली मारकर हत्या की। घटना के समय कारोबारी की पत्नी तथा बेटा नजदीक के एक रेस्टोरेंट में खाने का सामान लेने गए थे। मां और भाई के खाने का सामान लेकर लौटने के बाद बदहवास बेटी ने अपनी मां और भाई को घटना की रोते हुए जानकारी दी।

मृतक कारोबारी के चाचा उमेश अग्रवाल के अनुसार घटना होने के आधे घंटे बाद राहत तथा बचाव कार्य शुरू हो पाया। मौके पर सेना के जवान पहुंचे, तब तक दिनेश जिंदा था और उसकी हालत काफी नाजुक थी। दिनेश की पत्नी नेहा, बेटा शौर्य तथा बेटी लक्षिता को शाम छह बजे के करीब दिनेश की मौत की जानकारी मिली। मृतक के चाचा के अनुसार उन्हें दिनेश की मौत की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली।

मृत कारोबारी का आज होगा मारवाड़ी मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार

रायपुर के 55 सहित छत्तीसगढ़ के 82 सैलानी अब भी पहलगाम में फंसे



### आज होगा अंतिम संस्कार

कारोबारी दिनेश का शव श्रीनगर के रास्ते दिल्ली होते हुए रात रायपुर पहुंचा। गुरुवार को मारवाड़ी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। दिनेश की सुबह नौ बजे घर से शव यात्रा निकलेगी।

### घटना वाले दिन एनिवर्सरी

मृतक कारोबारी के चाचा के अनुसार मंगलवार को जिस दिन आतंकी घटना घटित हुई, उसी दिन उसके भतीजे की मैरिज एनिवर्सरी थी। मैरिज एनिवर्सरी के दो दिन पूर्व दिनेश अपनी पत्नी, बेटा-बेटी के साथ माता वैष्णव देवी के दर्शन करने के लिए गए थे। मृतक के चाचा के अनुसार दिनेश कोलकाता निवासी अपने रिश्तेदार के साथ श्रीनगर में चल रही मोरारी बापू की कथा सुनने के लिए गया था। इस दौरान दिनेश, पत्नी, बेटी तथा बेटे के साथ पहलगाम जाने का विचार कर घूमने के लिए पहलगाम चला गया।

## कारोबारी दिनेश का शव पहुंचा रायपुर श्रद्धांजलि देने एयरपोर्ट पहुंचे कई मंत्री



पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए कारोबारी दिनेश मिरानिया का शव देर शाम रायपुर पहुंचा। कारोबारी का शव दिल्ली से फ्लाइट के माध्यम से रायपुर पहुंचा। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर शव लेने परिजनों के साथ कारोबारी जगत से जुड़े कई कारोबारियों के साथ मृतक के शुभचिंतक एयरपोर्ट पहुंचे। इसके साथ ही राज्य के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि के साथ जिले के कलेक्टर, एसपी कारोबारी को श्रद्धांजलि देने एयरपोर्ट पहुंये। दिनेश का शव जैसे ही एयरपोर्ट पहुंचा, उसके शव को एयरपोर्ट के चार नंबर गेट से बाहर निकाला गया। कारोबारी का शव एयरपोर्ट के बाहर निकालने के बाद मौके पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मेयर मीनल चौबे ने कारोबारी को श्रद्धांजलि अर्पित की। शव लेने पहुंचे परिजन, शुभचिंतकों के मन में घटना को लेकर गुस्सा था। सभी लोगों की आंखें नम थीं। दिनेश की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने मृतक की पत्नी को ढांढस बंधाते हुए किसी तरह संभाला और उसे कार में बैठाकर घर लेकर गए।

### पत्नी, बेटी के मोबाइल का पता नहीं चला

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन दिनेश का हाल जानने उनकी पत्नी, बेटी तथा बेटा के पास लगातार संपर्क करने की कोशिश करते रहे, लेकिन उनका किसी के साथ संपर्क नहीं हो पा रहा था। शाम सात बजे के करीब दिनेश के बेटे शौर्य से परिजनों का संपर्क हो पाया। शौर्य ने रोते हुए अपने परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद दिनेश का छोटा भाई देर शाम फ्लाइट से दिल्ली, श्रीनगर के लिए रवाना हुआ। घटना के बाद से दिनेश की पत्नी और उसकी बेटी का मोबाइल अफरा तफरी में कहीं गिर गया। इस वजह से परिजन मृतक की पत्नी तथा बेटी से बात नहीं कर पाए।

### परिजनों के साथ नेताओं के आने का सिलसिला जारी रहा

हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों के साथ जनप्रतिनिधियों के आने का सिलसिला जारी रहा। बुधवार सुबह आठ बजे से परिजन के घर पहुंचने लगे। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सुबह 11 बजे दिनेश के परिजनों का सांत्वना देने पहुंचे। इसके पूर्व वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज परिजनों से मिलने पहुंचे। टंकराम वर्मा के जाने के बाद क्षेत्रीय विधायक राजेश मूणत, मेयर मीनल चौबे तथा पूर्व विधायक विकास उपाध्यय दिनेश के परिजनों से मिलने पहुंचे।

### राज्य के 82 पर्यटक श्रीनगर में फंसे

पहलगाम में आतंकी घटना होने के बाद राज्य के 82 सैलानी अभी भी श्रीनगर में फंसे हुए हैं। पर्यटक जिन होटलों में रुके थे, उनके वहीं रुकने की व्यवस्था की गई है। राज्य के जो 82 पर्यटक श्रीनगर में फंसे हुए हैं, उनमें रायपुर के 55, भिलाई 10, चिरमिरी 11 तथा बिलासपुर के छह सैलानियों के फंसे होने की जानकारी मिली है।

## नौ साल की मासूम से रेप की कोशिश, युवक को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विवाह समारोह में शामिल होने आई एक नौ साल की मासूम के साथ पड़ोस में किराए पर रह रहे एक युवक ने रेप की कोशिश की। मासूम के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

पीड़िता के परिजनों ने पुलिस को बताया है कि बच्ची अपने परिजनों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। दोपहर में वह कोल्ड ड्रिंक लेने के लिए पड़ोस की दुकान में गई। इस दौरान पड़ोस में किराए पर रहने वाला युवक बच्ची का हाथ पकड़कर जबरन अपने घर खींचकर ले गया और घर का दरवाजा बंद कर दिया। बच्ची को घर ले जाने के बाद आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की। इस दौरान बच्ची जोर-जोर से रोने के साथ शोर मचाने लगी। इससे युवक बुरी तरह से डर गया और वह बच्ची को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

### पड़ोसियों को बच्ची ने बताई आपबीती

युवक के भागने के बाद बच्ची रोते हुए घर से निकली और पड़ोसियों के साथ अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित लोगों ने थाना पहुंचकर पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फूटेज के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया और पूछताछ कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े लोग थाना पहुंच गए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करने के साथ उसकी नागरिकता की जांच करने की मांग पुलिस से की है।

## महंगाई का असर डाइट पर, रविवि ने दोगुना किया खिलाड़ियों का भत्ता, कोच को भी मिलेंगे ज्यादा पैसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा खिलाड़ी छात्रों के मानदेय में वृद्धि की गई है। यह बढ़ोतरी महंगाई के चलते की गई है। कार्यपरिषद द्वारा वृद्धि संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी भी दे दी गई है, जिसके बाद खेलों का हिस्सा बनने वाले छात्रों को नवीन दरों के अनुसार खेल भत्ता प्रदान किया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर स्तर, महाविद्यालयीन स्तर पर तथा विश्वविद्यालयीन स्तर पर होने खेलों में हिस्सा लेने वाले छात्रों को अब तक 150 रुपए प्रदान किए जाते थे, लेकिन अब उन्हें 300 रुपए प्रदान किए जाएंगे। राज्य स्तर पर होने वाली प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों को 200 की जगह 400 रुपए दिए जाएंगे। यह राशि प्रतिदिन के हिसाब से प्रदान की जाएगी। इसी तरह खिलाड़ी छात्रों अथवा टीम के साथ जाने वाले प्रबंधक, प्रशिक्षक, कोच व मैनेजर के भत्ते में भी वृद्धि की गई है। पूर्व में इन्हें 300 रुपए प्रदान किए जाते थे, लेकिन अब 500 रुपए दिए जाएंगे। गौरतलब है कि टूर्नामेंट के दौरान प्रदान की जाने वाली इस राशि से खिलाड़ी छात्रों को अपने भोजन, डाइट इत्यादि का खर्च वहन करना होता है। महंगाई बढ़ने के बाद पूर्व निर्धारित दरों में छात्रों को मुश्किलें आ रही थीं। इस कारण ही राशि वृद्धि का निर्णय लिया गया।



### ग्रंथालय में होंगे कार्यपरिषद के सदस्य

रविवि परिसर स्थित पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथालय की समिति में अब कार्यपरिषद के सदस्य भी होंगे। कार्यपरिषद में से दो सदस्यों का चुनाव इस समिति के लिए किया जाएगा। कुलपति इन सदस्यों का चुनाव करेंगे। व्यवस्था बेहतर करने यह प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नवीन सत्र के लिए पुस्तक आपूर्ति के लिए पूर्व फर्मों से अनुबंध को एक-एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया है।

### नवापारा व भखारा में हिंदी शोध केंद्र

पीएचडी को बढ़ावा देने के लिए रविवि द्वारा दो महाविद्यालयों को हिंदी शोध केंद्र की मान्यता प्रदान की गई है। अर्थात अब इन महाविद्यालयों में हिंदी विषय में शोध कार्य हो सकेंगे। इनमें नवापारा राजिम स्थित सेठ फूलचंद अग्रवाल कॉलेज तथा भखारा स्थित महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शामिल है। नए शैक्षणिक सत्र से इन कॉलेजों में छात्र निर्धारित मापदंड पूर्ण करने वाले प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में शोध कर सकेंगे। इन महाविद्यालयों द्वारा पूर्व में शोध केंद्र के लिए आवेदन किया गया था। निरीक्षण के बाद रविवि ने इन्हें शोध केंद्र के रूप में मान्यता प्रदान की है।

## थोड़ा नरम पड़ा पारा मगर ग्रीष्म लहर वाली गर्मी से अभी राहत नहीं, बस्तर में पड़ेंगे छींटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश का अधिकतम तापमान नरम पड़ा है, मगर दोपहर चलने वाली गर्म हवा ने लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से राहत नहीं लेने दिया। अगले तीन दिन तक प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से में गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं, मगर बस्तर में अगले चौबीस घंटे में छींटे पड़ने की संभावना बन रही है। मंगलवार को टेंप्रेचर के मामले में रिकार्ड बनाने वाला रायपुर का तापमान करीब एक डिग्री कम होकर 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को बिलासपुर के 43.8 तापमान ने रायपुर को पीछे छोड़ दिया। रायपुर में इसके बाद भी गर्मी कम नहीं हुई और दोपहर एक से शाम चार बजे तक सड़कों में ▶▶| शेष पेज 13 पर

- बिलासपुर 44 के करीब, रायपुर 43 के पार



आवश्यकता है

रात्रिकालिन अखबार की गिनती पैकिंग एवं बंडल लोडिंग के लिये युवकों की आवश्यकता है। आधार कार्ड, बैंक पासबुक होना अनिवार्य है।

12वीं से स्नातक तक
उम्र 21 से 30 वर्ष तक

हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर
संपर्क - 9827555678

## पंडरी कपड़ा मार्केट में आग से हड़कंप, दमकल की 3 गाड़ी पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देवेंद्र नगर थाना क्षेत्र के पंडरी स्थित कपड़ा मार्केट में एक कपड़े की दुकान में बुधवार रात आठ बजे के करीब आग लग गई। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है। आग लगने से कपड़ा मार्केट में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग पर काबू पाने मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों को रवाना किया गया। इसके साथ ही आग को फैलने से रोकने विद्युत प्रवाह बंद करने के साथ ही कपड़ा दुकान से सटे आसपास के कारोबारी अपने स्तर पर राहत तथा बचाव कार्य में जुटे रहे। आग लगने की घटना जैन हैंडलूम में हुई। ऊपर के माले में आग की लपटें उठती देख लोगों ने इसकी जानकारी फायर ब्रिगेड के साथ दुकान संचालक को दी। बाजार में ग्राहकी होने की वजह से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने की घटना सेक्टर चार में हुई। तंग गली तथा बाजार में लोगों की आवाजाही होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को घटनास्थल पहुंचने ▶▶| शेष पेज 13 पर



छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2025
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि
25/04/2025
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



# जलसंकट निपटने कुकरा व रींवा में बोरिंग खुदवाई और 14 साल से सीताराम कर रहे जल दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

जब-जब जल संकट के दौर से गुजरते हैं, तब गंगा मैया को धरती पर लाने वाले भगीरथ को जरूर याद करते हैं। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रहा है। जल संकट गहराता जा रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी से लगा हुआ एक ऐसा ही गांव है रींवा। जहां करीब 50 वर्षों से जल संकट की समस्या बनी हुई है। ग्रामीण बताते हैं इस गांव में सालभर में केवल छह महीने ही पेयजल की उपलब्धता होती है। शेष छः माह जनवरी से जून तक लोगों को अन्य गांवों से पानी लाकर गुजारा करना पड़ता है। वहीं इस गांव से दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है ग्राम कुकरा। यहां से रीवा और कुकरा दोनों गांव के लोग जल लाकर निस्तारी कर रहे हैं। यह है सीताराम साहू। जैसा नाम वैसा काम। ग्राम कुकरा निवासी 46 वर्षीय शिवभक्त सीताराम साहू चौबीसों घंटे लोगों को निःशुल्क पीने का पानी दे रहे हैं। वह बताते हैं कि 2010 में उन्होंने ट्यूबवेल खोदवाया। जिसमें उन्हें डेढ़ इंच पानी मिला। उनके गांव कुकरा व रीवा दो गांवों में भारी जलसंकट को देखते हुए उन्होंने जनमानस को जलदान करने का संकल्प लिया है।

### शिवभक्त सीताराम साहू लड्डू बेचने का करते हैं काम



#### स्वयं के खर्च से दो टंकी भी बनवाई

उन्होंने बिना किसी की मदद लिए स्वयं दो टंकी बनाकर ग्रामीणों को चौबीसों घंटे पानी की सप्लाई कर रहे हैं। जिससे ग्राम कुकरा और रीवा दोनों गांव के लोगों को पेयजल मिल पा रहा है। उनके इस सेवा को देखते हुए लोग उन्हें कलयुग का भागीरथी कहने लगे हैं। सीताराम लड्डू बनाकर बेचने का कारोबार करते हैं। इनकी लड्डू की मिठास केवल रायपुर जिले ही नहीं बल्कि आसपास के अन्य जिलों में भी चर्चित है। कुकरा के लड्डू की मांग मांगलिक कार्यों के लिए खास तौर पर है। इस तरह वे घर में ही लड्डू बनाकर इस कारोबार के माध्यम से करीब पच्चीस लोगों को रोजगार दे रहे हैं।सीताराम, बहुत ही सहज,सरल व्यक्तित्व के धनी हैं। वे एक साधारण परिवार से आते हैं। इस तरह 2010 से आज तक ग्राम रीवां और कुकरा वासियों को 24 घंटे निःशुल्क जल उपलब्ध कराकर लोगों की प्यास बुझा रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### 55 महिलाएं जगन्नाथ धाम तीर्थाटन के लिए रवाना

**आरंग।** छ.ग. सरकार की महत्वपूर्ण योजना दिशा दर्शन योजना के अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग आरंग परिक्षेत्र से स्व. सहायता समूहों की 55 महिलाओं को भ्रमण हेतु श्री जगन्नाथ धाम उड़ीसा रवाना किया गया। जहां देवनाथ साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल आरंग, डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद आरंग, अशोक चंद्राकर मण्डल महामंत्री आरंग, मुरली साहू जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि, ऋषि बंजारे महिला बाल विकास अधिकारी, विनोद साहू एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर शुभ यात्रा की शुभकामनाएं देकर रवाना किया गया।

### सरस्वती कॉन्वेंट का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा



**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम खैरखूँट मे सरस्वती कॉन्वेंट विद्या मन्दिर स्कूल मे कक्षा अरुण, उदय से लेकर आठवी तक बच्चो का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जो शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी मे प्रथम स्थान मे कु. साक्षी पिता घनश्याम साहू 99 प्रतिशत, गोपी साहू पिता घनश्याम साहू ने भी 99 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। दूसरे स्थान पर रोशन साहू पिता हेमंत साहू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार कक्षा आठवी मे प्रथम स्थान में कु. भारती साहू पिता घनश्याम साहू ने 99.6 प्रतिशत अंक अर्जित किये और दूसरे स्थांन पर कूमकूम साहू पिता हेमंत साहू ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके माता पिता को गौरवान्वित किये।

### समाजसेवी घनश्याम ने घोषित की 1.51 लाख रुपए का इनाम



**तिल्दा नेवरा।** सरस्वती शिशु मंदिर नेवरा में कार्यक्रम में समाजसेवी व युवा उद्योगपति घनश्याम अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त भैया बहनों को 701 रुपए एवं द्वितीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को 501 रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अपनी धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती अनीता अग्रवाल की स्मृति में विद्यालय को 1 लाख 51हजार की राशि प्रदान की । जिसके माध्यम से स्थान प्राप्त भैया बहनों को प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी। विद्यालय प्रबंध समिति के फाउंडर मेंबर दिलीप शर्मा, अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव स्वप्निल श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, प्राचार्य वासुदेव साहू ने इसके लिए घनश्याम अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिपं सदस्य शैल साहू सभापति मनोनीत

**तरपोंगी।** ज़िला पंचायत सदस्य शैल महेंद्र साहू को महिला बाल विकास विभाग के सभापति बनाए जाने पर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पवनकुमार साहू, गौतम साहू, महेंद्र जेठी , जनपद सदस्य चांदनी शत्रुघ्न यदु, जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, सुखदेव साहू , तखत साहू, संपत साहू, रोमलाल साहू , राजू साहू आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी।



### पहलगाम हमला कायरना हरकतः छग शिक्षक संघ

**आरंग।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे 27 हिन्दु सैलानियों की मुस्लिम आतंकवादियों के द्वारा कायरता पूर्वक हमला कर हत्या किए जाने का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के रायपुर संभागीय अध्यक्ष रामनारायण मिश्रा एवं सचिव ओंकार प्रसाद वर्मा ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही मृतकों को आत्मीय भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर पीढ़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किए।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

# 8 साल में किसी की पहली-दूसरी, तो किसी की तीसरी-चौथी किस्त अटकी, 784 आवास अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे परिवारों के लिए लाई गई है, जिसके पास पक्का मकान नहीं है। ऐसे परिवार पक्के मकान बना सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की जाती है। यह राशि सबसे पहले तीन किस्त में दी जाती थी, जिसे बाद में चार किस्त किया गया था। अब इसे दोबारा तीन किस्त किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 से लेकर 2023 के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत 29480 आवास बनाने के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 28696 पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। इस तरह पूर्ण और अपूर्ण आवासों में ऐसे सैकड़ों-हजारों हितग्राही हैं जिसमें किसी की पहली किस्त, तो किसी की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्त जारी नहीं हो पाई है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो जिन्हें किस्त जारी नहीं हुई है, उनमें बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राही हैं।





### अंतर्गत जिले में 2016 से 2023 तक 29480 आवास स्वीकृत, इनमें 28696 पूर्ण

#### स्वीकृत आवासों में चौथी किस्त एक भी जारी नहीं

पिछले वर्ष स्वीकृत आवासों में पहली किस्त के रूप में 32033 आवास, दूसरी किस्त 22414 आवास, तीसरी किस्त 7775 आवास के लिए जारी किया गया है, वहीं चौथी किस्त एक भी आवास के लिए जारी नहीं की गई है।

हरिभूमि सरोकार

#### एक नजर में समझें

| 2016-2023 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
|---|---|---|---|---|---|
| अभनपुर | 7480 | 7468 | 7362 | 7280 | 5560 |
| आरंग | 11005 | 10988 | 10928 | 10856 | 4569 |
| धरसींवा | 7391 | 7378 | 7295 | 7234 | 3655 |
| रायपुर ग्रामीण | 708 | 707 | 689 | 673 | 332 |
| बलौदाबाजार | 2896 | 2891 | 2867 | 2858 | 1603 |
| 2024-25 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
| | 9436 | 9115 | 6529 | 2805 | 0 |
| | 12675 | 12136 | 8204 | 2283 | 0 |
| | 8336 | 7531 | 5330 | 2104 | 0 |
| | 761 | 670 | 329 | 49 | 0 |
| | 2875 | 2581 | 2022 | 534 | 0 |

#### आरंग क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवास पूर्ण, सबसे कम रायपुर ग्रामीण में

आकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत वर्ष 2016 से लेकर 2023 अवधि के दौरान रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं बलौदाबाजार के लिए कुल 29480 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। इसमें सबसे ज्यादा स्वीकृति आरंग क्षेत्र के लिए 11005 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी। इसके एवज में इस ब्लॉक में 10804 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह 98.17 प्रतिशत आवास पूर्ण हो चुके हैं।

#### 14727 किस्त जारी नहीं, इसमें पहली से चौथी किस्त शामिल

योजना के तहत आवास के निर्माण की स्थिति को देखते हुए हितग्राहियों को किस्त जारी की जाती है। वर्ष 2016 से 2023 के दौरान 48 आवास के लिए पहली किस्त जारी नहीं किया गया।

#### पिछले एक साल में स्वीकृत आवासों में 28 प्रतिशत ही पूर्ण

इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अभनपुर, आरंग, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए कुल 34082 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। इसके एवज में अब तक मात्र 11227 आवास ही पूर्ण हुए हैं।

#### किस्त लेने के बाद आवास नहीं बनाए उनसे वसूली की प्रकिया जारी

इस योजना के तहत 2016 से 2023 के दौरान 28696 आवास पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। अलग-अलग कारण से कई आवासों की किस्त जारी नहीं की गई हैं। इसमें कई हितग्राही किस्त की राशि लेने के बाद आवास का निर्माण कार्य नहीं कराये है। ऐसे हितग्राहियों से वसूली की प्रक्रिया जारी है।

- कुमार बिश्वरंजन, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

## हिंदुओं पर अत्याचार का विरोध शिवसेना ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद मे हिन्दुओं पर हुए अत्याचार व जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हिन्दू धर्म के लोगों के आतंकवादियों द्वारा किए गए जघन्य हत्या के विरोध मे शिवसेना आरंग विधानसभा द्वारा रायपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व मे आरंग बस स्टैंड मे आतंकवाद मुर्दाबाद, ममता बनर्जी मुर्दाबाद के नारों के साथ पुतला दहन किया गया। पुतला दहन करने से पहले ममता बनर्जी और आतंकवाद के पुतले को नगर के सब्जी मंडी, सदर बाजार, हरदेव लाल मंदिर होते हुए बस स्टैंड लाया गया। जहां शिवसैनिको ने आक्रोश व्यक्त करते हुए हिंदू धर्म की जय, सत्य सनातन धर्म की जय, आतंकवाद पाकिस्तान मुर्दाबाद के जोरदार नारों से पुतला दहन किया। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष केशव वैष्णव, नगर अध्यक्ष राज दुबे, नगर उपाध्यक्ष रिंकु यादव, राजा तोड़े, रूपेश जलक्षत्री, उजाला जलक्षत्री, पार्षद उमाकांत यादव, शत्रुहन सोनकर, रघुनंदन देवांगन, महेन्द्र लोधी, सागर पटेल, जितेन्द्र निषाद, बादल निषाद, गयाराम यादव, सुरेश कश्यप, धर्मेंद्र धीवर, ललित धीवर एवं अधिक संख्या मे शिवसैनिक व युवासैनिक उपस्थित थे।

### ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा का स्वागत

**आरंग।** प्रदेश में गर्मी चरम सीमा पर है, राजधानी में तापमान 44 डिग्री के करीब पहुंच गया है। भीषण गर्मी से न केवल मानव बल्कि पशु पक्षी भी पीड़ित हैं। इन दिनों ग्रामीण अंचल में एक ओर छोटी माता की आशंका बढ़ जाती है, वहीं दूसरी ओर प्राथमिक चिकित्सा का भी अभाव रहता है। इसलिए ग्रीष्मावकाश की घोषणा से बच्चों शिक्षकों व पालकों को गर्मी से बड़ी राहत मिलेगी।

## जाति प्रमाण पत्र और आईडी पर फोकस सुशासन शिविर आयोजित करने की मांग

हरिभूम न्यूज ▶▶| आरंग



बुधवार को शासकीय हाई स्कूल एवं पूर्व माध्यमिक शाला में प्रतिवर्षानुसार संकुल स्तरीय मिलन समारोह का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरंग दिनेश शर्मा ने सभी को आगामी सत्र में नए संकल्प एवं नवाचारों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया उन्होंने आयोजनकर्ता संकुल प्राचार्य रवि शर्मा एवं संकुल समन्वयक हरीश दीवान को बधाई दी तथा आगामी कार्य योजना जाति प्रमाण पत्र, अपार आईडी पर फोकस करते हुए सुशासन शिविर आयोजित होने की बात कही तथा शिक्षक को राष्ट्र निर्माता बताते हुए कहा की उच्च कार्यालय एवं शासन की गाइड लाइन के अनुसार सकारात्मक कार्य करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने सभी से बच्चों के हित में चुनौती लेने की भी बात कही, वही संकुल प्राचार्य रवि शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्रीयकृत परीक्षा में सभी का सहयोग बेहतर रहा तथा आगे भी अपडेट रहने को कहा। संकुल समन्वयक दीवान ने सभी प्रधान पाठकगण एवं शिक्षकों का विधायक गुरु खुशवंत साहेब द्वारा प्रेषित प्रशस्ति पत्र एवं लेखनी देकर सम्मानित किया तथा बतौर सीएसी दीवान ने कहा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी शिक्षक कार्य करे एवं विद्यालय को बेहतर बनाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर प्रधान पाठकगण नरसिंह दास मानिकपुरी, तारामती बंजारे, लक्षण लहरी, अरविंद वैष्णव, दिगंबर बरिहा, के.के. साहू आदि ने हास्य विनोद के साथ अपने खट्टे-मीठे अनुभव भी शेयर किए। तत्पश्चात समन्वयक हरीश दीवान ने सभी को संकुल भोज के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयगण जितेंद्र शुक्ला, रोशन चंद्राकर, पोखन साहू, सुनील पटेल, अभिषेक तिवारी, योगेश्वर साहू एवं शिक्षकगण सीएल एनेश्वरी, बबीता लहरे, सुंदर साहू, मनीला अग्रवाल, रामनारायण कन्नौजे, नोहर लाल यादव, कोमल सिंह राठौर, राजेश साहू, वर्षा चंद्राकर की उपस्थिति रही।

### पहलगाम आतंकी घटना की वर्मा ने की आलोचना

**आरंग।** भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष कृष्णा वर्मा ने पहलगाम में मंगलवार को हुई आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे कायराना हरकत व मानवता के खिलाफ़ बताते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ हमारे देश की एकता और अखंडता को चुनौती देने का प्रयास हैं, लेकिन हम आतंक के किसी भी रूप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री वर्मा ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस दुख की घड़ी में शहीदों के परिजनों के साथ खड़ा हूँ। ईश्वर उन्हें यह आघात सहने की शक्ति प्रदान करें। साथ ही मैं घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। उन्होंने सरकार से दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की अपील की, ताकि भविष्य में कोई भी ऐसी घृणित हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

## अनुज की छत्तीसगढ़ी फिल्म सुहाग की प्रदेश में धूम, दर्शकों का दिल जीता

हेमंत वर्मा/धरसींवा

धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की हालिया में रिलीज फिल्म 'सुहाग' ने पूरे राज्य में धूम मचा दी है। फिल्म न केवल बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है, बल्कि इसने दर्शकों के दिलों में भी एक खास जगह बना ली है।

- सुहाग में रिश्तों की मिठास, परिवार के महत्व और सामाजिक मूल्यों को मार्मिक ढंग से किया गया प्रस्तुत

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भी फिल्म की जमकर सराहना की है, जिससे फिल्म और इसकी टीम का उत्साह दोगुना हो गया है। सुहाग की सबसे खास बात यह है कि यह लंबे समय बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा में आई एक संपूर्ण पारिवारिक फिल्म है। आज के दौर में जहां एक्शन और कॉमेडी फिल्मों का बोलबाला है, 'सुहाग' ने रिश्तों की मिठास, परिवार के महत्व और सामाजिक मूल्यों को बड़े ही सहज और मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। यही वजह है कि यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों को अपनी ओर खींचने में कामयाब रही है। फिल्म की सफलता का एक बड़ा कारण इसकी बेहतरीन कहानी और कर्णप्रिय संगीत भी है। 'सुहाग' की कहानी दर्शकों को बांधे रखती है, जिसमें प्रेम, त्याग, और पारिवारिक एकता के भावों को खूबसूरती से पिरोया गया है।

### एक सुहागन का तलाक नहीं है आसान





फिल्म 'सुहाग' में लड़के के पिता का यह कथन विवाह की संस्था और उसके पारंपरिक मूल्यों की गहराई को दर्शाता है। जिस तरह से विवाह को एक पवित्र बंधन और धार्मिक संस्कार के रूप में स्थापित किया गया है, उसी प्रकार उसे तोड़ने की प्रक्रिया भी उतनी ही विधि-विधान और सम्मानजनक होनी चाहिए, यह विचार मार्मिक है। यह दृश्य दिखाता है कि उस समय समाज में विवाह को केवल दो व्यक्तियों का समझौता नहीं माना जाता था, बल्कि यह दो परिवारों और उनके मूल्यों का मिलन था।

## पदोन्नति के चार माह बाद 6 खाद्य अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत सहायक अधिकारी से खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किए गए 6 अधिकारियों को चार महीने के बाद नई पोस्टिंग दी गई है। इनमें दो अधिकारियों को उसी जिले में पोस्टिंग दी गई है, जहां वे पहले ही सहायक अधिकारी के पद पर पदस्थ थे, वहीं 3 अधिकारियों को दूसरे जिलों में एवं एक को संचालनालय भेजा गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उपसचिव भागवत जायसवाल ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया है। इसके अनुसार राज्य शासन ने 30 दिसंबर 2024 को 6 सहायक खाद्य अधिकारियों को खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया था, जिनका नवीन पदस्थापना होना था। इन सभी अधिकारियों को अब नवीन पदस्थापना देते हुए अरविंद दुबे को रायपुर से गरियाबंद, शिव बहादुर कामठे को बलरामपुर रामानुजगंज से सरगुजा, शांति कुमारी को धमतरी से संचालनालय, रविशंकर कोमरा को जगदलपुर से सुकमा, तुलसीराम ठाकुर को बालोद एवं तारेंद्र सिंह अत्री को दुर्ग में पदस्थ किया है।

## कलिंगा विश्वविद्यालय की कोच होंगी चैनकुमारी



तरपोंगी। 37वें राष्ट्रीय खेल में मिनी गोल्फ में कांस्य पदक जीतने वाली खिलाड़ी चैन कुमारी निषाद कलिंगा विश्वविद्यालय के कोच के रूप में भाग लेंगी। वह खिलाड़ियों के साथ अपने कौशल और ज्ञान को साझा करने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, कलिंगा विश्वविद्यालय की ही मनुप्रिया खेमका भी अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों के एकल इवेंट में भाग लेंगी। ये खेल 23 अप्रैल से 26 अप्रैल, 2025 तक राजस्थान के झुंझुनू में श्री जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबरीवाला विश्वविद्यालय में आयोजित किए जाएंगे। मनुप्रिया खेमका अपने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए उत्सुक हैं। विश्वविद्यालय समुदाय व मिनीगोल्फ एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव भूपेन्द्र प्रसाद सहित संघ के सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी।

## राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, हो गई लागू

# किसी बच्चे की पहचान प्रमाणीकरण न होने पर भी सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं जैसे आयुष्मान भारत, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से उन बच्चों को किसी हाल में वंचित नहीं किया जा सकता, जिनके पास उनकी पहचान का प्रमाणीकरण न हो, या बच्चे के पालक उसका आधार नंबर न दे सकें। बच्चों के अलावा व्यस्क लोगों के मामले में भी अगर बायोमैट्रिक्स में गड़बड़ी हो, तो उसके लिए भी उपाय है। सरकार की कोशिश ये है कि योजना के वास्तविक लाभार्थी वंचित न हों।

इस संबंध में राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह प्रावधान 21 अप्रैल से लागू हो गया है। सरकार ने साफ किया है कि किसी बच्चे के उसकी पहचान प्रमाणीकरण को या आधार नंबर के प्रमाण को प्रस्तुत करने में असफल रहने की दशा में, योजनांर्गत लाभ को अस्वीकार नहीं करेगा या किसी बच्चे जिसको आधार संख्या नहीं दिये जाने की दशा में, नामांकन के लिये आवेदन प्रस्तुत करेगा। दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान को सत्यापित करते हुये उसे लाभ दिया जायेगा तथा जहाँ ऐसे अन्य दस्तावेजों के आधार पर लाभ प्रदान किया गया हो, वहां विभाग उसे अभिलेख पर लेने के लिए एक पृथक पंजी संधारित करेगा, जिसकी समय-समय पर समीक्षा और अंकेक्षण क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से किया जायेगा।

खास खबर

### वयस्कों की बायोमेट्रिक्स खराब है तो ये करना है

बच्चों के मामले में पहचान या आधार न होने की स्थिति से अलग व्यस्कों के मामले में कई बार ये होता है कि आधार नंबर होने के बाद भी उनका बायोमेट्रिक्स खराब है। पहचान नहीं हो पा रही तो उसके लिए भी रास्ते सुझाए गए हैं। इसका मकसद भी यही है कि सरकार की योजनाओं से लाभार्थी वंचित न हों। सरकार ने कहा कि सभी मामलों में, जहाँ लाभार्थियों के खराब बायोमेट्रिक्स के कारण या किसी अन्य कारण से आधार प्रमाणीकरण विफल हो जाता है। ऐसे मामलों में यह तरीका अपनाया जाएगा।

### वन टाइम पासवर्ड भी होगा मंजूर

उंगलियों के निशान या आईरिस स्कैन या चेहरे के प्रमाणीकरण के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सफल नहीं होने की स्थिति में, जहां भी संभव हो, आधार वन टाइम पासवर्ड या सीमित समय वैधता के साथ टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड, जैसा भी मामला हो, के द्वारा प्रमाणीकरण स्वीकार्य होगा। अन्य सभी मामलों में, जहां बायोमेट्रिक या आधार वन टाइम पासवर्ड या टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड प्रमाणीकरण संभव नहीं है, वहाँ योजना के तहत भौतिक आधार पत्र के आधार पर लाभ दिया जा सकता है, जिसका प्रमाणीकरण, आधार पत्र पर मुद्रित क्विक रिस्पोन्स कोड के माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। क्विक रिस्पोन्स कोड रीडर की आवश्यक व्यवस्था विभाग द्वारा अपनी क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से सुविधाजनक स्थानों पर उपलब्ध करायी जायेगी।

## किसान ईश्वरी को जैविक खेती का प्रमाण पत्र मिला



**आरंग।** ग्राम पंचायत कुकरा के किसान को जैविक प्रमाणीकरण संस्था से जैविक खेती का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, जो इस क्षेत्र में जैविक कृषि को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विदित हो कि जैविक प्रमाणन प्राप्त करने के पूर्व किसान ईश्वरी प्रसाद साहू कृषि रत्न व कृषि अवार्ड प्राप्त कर चुके है।

उपरोक्त प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए किसान को तीन वर्षों तक जैविक खेती के मानकों का पालन करना होता है जो श्री साहू ने की। इस अवधि के दौरान, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहता है। कृषि भूमि, उत्पादन, प्रसंस्करण और भंडारण की नियमित जांच की जाती है। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद ही प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। कुकरा गाँव के किसान को जैविक प्रमाण पत्र प्राप्त होना न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र में जैविक खेती को बढ़ावा देने का संकेत है। यह अन्य किसानों को भी जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## खबर संक्षेप



### मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना में दिखाई रुचि

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बुधवार को मुंबई में शाल्वी हॉस्पिटल्स के निदेशक शनाए विक्रम शाह ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने नवा रायपुर में एक अत्याधुनिक मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना को लेकर रुचि जताई। शाल्वी हॉस्पिटल्स की शुरुआत एक 6 बिस्तरों वाले अस्पताल से हुई थी, जो आज 8 राज्यों के 13 शहरों में फैले 16 अस्पतालों के एक विश्वसनीय हेल्थकेयर नेटवर्क में तब्दील हो चुका है। उन्होंने बताया कि उनका समूह छत्तीसगढ़ को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे निवेश और अधोसंरचना विकास की जानकारी साझा की और शाल्वी ग्रुप की पहल का स्वागत किया।

### सभापति ने भामाशाह वार्ड का किया भ्रमण

**रायपुर।** सभापति सूर्यकान्त राठौर ने बुधवार को दानवीर भामाशाह वार्ड के खालबाड़ा, कुंदरापारा सहित अन्य इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जोन 2 के अधिकारियों को जलभराव की समस्या दूर करने चेंबरों की सफाई कर नाले को डायवर्ट करने निर्देश दिये, इसके साथ ही गुढ़ियारी क्षेत्र की शशिबाला कन्या शाला में विकास कार्यों की प्रगति का उन्होंने जायजा लिया। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि रुस्तम कुर्रे, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर.के. डोंगरे, कार्यपालन अभियंता पी.डी. धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया उपस्थित रहे।

### शहीद अरुण केशव सप्रे को किया नमन

**रायपुर।** भारतीय वायुसेना के स्क्वाड्रन लीडर टेस्टिंग पायलट और रायपुर निवासी शहीद अरुण केशव सप्रे को उनकी जयन्ती अवसर याद किया गया। नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से इस मौके पर गांधी सदन में पुष्पांजलि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे ने राजधानीवासियों की ओर से नमन करते हुए आदरांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निगम सभापति सूर्यकान्त राठौर, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी, शहीद अरुण केशव सप्रे की धर्मपत्नी मीना ताई सप्रे, सुपुत्र मुनेश सप्रे, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, कार्यपालन अभियंता डी. के. पैकरा, अंशुल शर्मा जूनियर, उप अभियंता अर्जिता दीवान, कर्मचारी श्रीमती श्वेता शिंदे सहित नगर के गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन सोशल एक्टीविटी ग्रुप का पुनर्गठन



**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छग के 60 सदस्यीय सोशल एक्टीविटी ग्रुप के पुनर्गठन पश्चात इस श्रृंखला की प्रथम बैठक अरविन्द ओझा प्रदेश अध्यक्ष व नमिता शर्मा महिला अध्यक्ष की अध्यक्षता में होटल एमराल्ड, चंगोराभाठा, रायपुर में संपन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन में गतिशीलता और आपसी मेल मिलाप हेतु सोशल एक्टीविटी ग्रुप का गठन किया गया है। आशा है इसके पुनर्गठन से संगठन में सक्रियता आयेगी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा ने सभी सदस्यों को एकजुट होकर संगठन के आगामी कार्यक्रम भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर 1100 दीपों से महाआरती में सहभागिता की अपील की एवं सर्व सम्मति से नितिन कुमार झा को भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम का संयोजक चुना गया। इस अवसर पर ग्रुप के सक्रिय सम्मानित सदस्य, कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल के निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित एवं उपाध्यक्ष संजय अवस्थी का शाल व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

---

छत्तीसगढ़ में मोदी की एक और गारंटी पूरी होगी
सेवा प्रदाता और सरपंचों के बीच एमओयू हुआ है

# छत्तीसगढ़ की 1460 ग्राम पंचायतें आज से होंगी डिजिटल लेनदेन, बिल भुगतान की मिलेगी ऑनलाइन सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायत क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए गुरुवार 24 अप्रैल से एक नई सुविधा शुरू होगी। इसके माध्यम से प्रदेश की 1460 ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल, पंचायत दिवस से नकद भुगतान सहित अन्य डिजिटल सेवाएं शुरू की जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड की 10-10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए एमओयू पहले ही किया जा चुका है। खास बात ये है कि इन सुविधाओं की घोषणा भाजपा ने विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी के रूप में की थी। अब यह गारंटी पूरी होने जा रही है।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

इन सुविधा केंद्रों में ग्रामीणों को अब बहुत सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकेंगी। वे अपने खाते से आसानी से पैसे निकाल सकेंगे, अपने खाते से किसी अन्य के खाते में पैसे



भेज सकेंगे, बिजली-पानी बिल का भुगतान कर सकेंगे तथा पेंशन-बीमा जैसी अनेक सुविधाओं का लाभ अपने पंचायतों में ही ले सकेंगे। अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र के लिए कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं और सरपंचों के बीच पहले ही एमओयू हो चुका है। इन सुविधा केंद्रों के आरंभ होने से ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए विकासखंड और जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। गांव में ही उन्हें बहुत-सी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

### सीएम साय ने बताया था ऐतिहासिक दिन

पिछले दिनों 14 अप्रैल को जब इस सेवा के लिए सेवा प्रदाता कंपनी से एमओयू हुआ था, उस समय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा था कि छत्तीसगढ़ के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। मोदी की गारंटी की एक और गारंटी पूरी करने जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से ग्राम पंचायतों में नकद भुगतान की सुविधा शुरू करने का वादा किया था, जो अब पूरा होने जा रहा है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इसी अवसर पर कहा था कि पंचायतों में वित्तीय सुविधा को बढ़ावा देने के लिए अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र एक मील का पत्थर साबित होगा। इनसे निश्चित ही एक ही स्थान पर रेलवे टिकट बुकिंग हो या छात्रवृत्ति, पेंशन राशि का आहरण की सुविधा ग्राम पंचायतों में ही उपलब्ध होगी। इससे हम ग्राम पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के संकल्प को पूरा कर सकते हैं।

---

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण

# 8 साल में किसी की पहली-दूसरी, तो किसी की तीसरी-चौथी किस्त अटकी, 784 आवास अपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना ऐसे परिवारों के लिए लाई गई है, जिसके पास पक्का मकान नहीं है। ऐसे परिवार पक्के मकान बना सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 20 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की जाती है। यह राशि सबसे पहले तीन किस्त में दी जाती थी, जिसे बाद में चार किस्त किया गया था। अब इसे दोबारा तीन किस्त किया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 से लेकर 2023 के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के तहत 29480 आवास बनाने के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 28696 पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। इस तरह पूर्ण और अपूर्ण आवासों में भी ऐसे सैकड़ों-हजारों हितग्राही हैं जिसमें किसी की पहली किस्त, तो किसी की दूसरी, तीसरी एवं चौथी किस्त जारी नहीं हो पाई है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो जिन्हें किस्त जारी नहीं हुई है, उनमें बड़ी संख्या में ऐसे हितग्राही हैं, जो स्वीकृति के बाद आवास बनाना शुरू नहीं कर पाए या फिर पहली, दूसरी व तीसरी किस्त की राशि मिलने के बाद उसका इस्तेमाल आवास निर्माण में नहीं कर और कहीं और खर्च कर दिए हैं।




**अंतर्गत जिले में 2016 से 2023 तक 29480 आवास स्वीकृत, इनमें 28696 पूर्ण**

### स्वीकृत आवासों में चौथी किस्त एक भी जारी नहीं

पिछले वर्ष स्वीकृत आवासों में पहली किस्त के रूप में 32033 आवास, दूसरी किस्त 22414 आवास, तीसरी किस्त 7775 आवास के लिए जारी किया गया है, वहीं चौथी किस्त एक भी आवास के लिए जारी नहीं की गई है।

हरिभूमि सरोकार

### एक नजर में समझें

| 2016-2023 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
|---|---|---|---|---|---|
| अभनपुर | 7480 | 7468 | 7362 | 7280 | 5560 |
| आरंग | 11005 | 10988 | 10928 | 10856 | 4569 |
| धरसींवा | 7391 | 7378 | 7295 | 7234 | 3655 |
| रायपुर ग्रामीण | 708 | 707 | 689 | 673 | 332 |
| बलौदाबाजार | 2896 | 2891 | 2867 | 2858 | 1603 |
| 2024-25 | स्वीकृति | पहली | दूसरी | तीसरी | चौथी |
| | 9436 | 9115 | 6529 | 2805 | 0 |
| | 12675 | 12136 | 8204 | 2283 | 0 |
| | 8336 | 7531 | 5330 | 2104 | 0 |
| | 761 | 670 | 329 | 49 | 0 |
| | 2875 | 2581 | 2022 | 534 | 0 |

### आरंग क्षेत्र में सबसे ज्यादा आवास पूर्ण, सबसे कम रायपुर ग्रामीण में

आंकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत वर्ष 2016 से लेकर 2023 अवधि के दौरान रायपुर ग्रामीण, अभनपुर, आरंग, धरसींवा एवं बलौदाबाजार के लिए कुल 29480 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई थी। इसमें सबसे ज्यादा स्वीकृति आरंग क्षेत्र के लिए 11005 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी। इसके एवज में इस ब्लॉक में 10804 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इस तरह 98.17 प्रतिशत आवास पूर्ण हुए हैं। इसी प्रकार अभनपुर क्षेत्र में कुल 7480 आवास के लिए स्वीकृति दी गई थी, जिसके एवज में 7214 पूर्ण हो चुके हैं। इसका प्रतिशत 96.44 है। धरसींवा क्षेत्र में 7391 स्वीकृत आवास की तुलना में 7188 पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 97.25 है। बलौदाबाजार क्षेत्र में स्वीकृत 2896 आवास की तुलना में 2830 पूर्ण हो चुके हैं, जिसका प्रतिशत 97.72 है। सबसे कम आवास 708 रायपुर ग्रामीण क्षेत्र में स्वीकृत हुए थे। इसके एवज में 660 आवास पूर्ण हुए हैं, जिसका प्रतिशत 93.22 है।

### 14727 किस्त जारी नहीं, इसमें पहली से चौथी किस्त शामिल

योजना के तहत आवास के निर्माण की स्थिति को देखते हुए हितग्राहियों को किस्त जारी की जाती है। वर्ष 2016 से 2023 के दौरान 48 आवास के लिए पहली किस्त जारी नहीं किया गया। इसी प्रकार दूसरी किस्त में 339 आवास, तीसरी किस्त में 579 आवास तथा चौथी किस्त में 13761 आवास के लिए जारी नहीं किया गया।

### पिछले एक साल में स्वीकृत आवासों में 28 प्रतिशत ही पूर्ण

इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 में अभनपुर, आरंग, धरसींवा, रायपुर ग्रामीण एवं बलौदाबाजार क्षेत्र के लिए कुल 34082 आवास के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। इसके एवज में अब तक मात्र 11227 आवास ही पूर्ण हुए हैं, वहीं 22856 आवास अभी अपूर्ण हैं। इस तरह 28 प्रतिशत आवास ही पूर्ण हुए हैं।

### किस्त लेने के बाद आवास नहीं बनाए उनसे वसूली की प्रकिया जारी

इस योजना के तहत 2016 से 2023 के दौरान 28696 आवास पूर्ण एवं 784 अपूर्ण हैं। अलग-अलग कारण से कई आवासों की किस्त जारी नहीं की गई हैं। इसमें कई हितग्राही किस्त की राशि लेने के बाद आवास का निर्माण कार्य नहीं कराये है। ऐसे हितग्राहियों से वसूली की प्रक्रिया जारी है।

\- कुमार बिश्वरंजन, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

---

# डेयरी रिफॉर्म से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया जीवन मिल रहा

उपमुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री ने गुजरात में लिया डेयरी विकास का जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने एनडीडीबी के अधिकारियों से चर्चा में कहा, छत्तीसगढ़ सरकार, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डेयरी सेक्टर में व्यापक सुधारों के जरिये किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि डेयरी रिफॉर्म के माध्यम से न केवल किसानों की आय बढ़ रही है, बल्कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नया जीवन मिल रहा है।

उन्होंने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, गुजरात की तरह छत्तीसगढ़ भी दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ के किसान दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने अपने गुजरात प्रवास के दौरान आणंद स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वहां पदस्थ अधिकारियों से मुलाकात कर दुग्ध उत्पादन में हो रहे नवाचारों और विकास कार्यों की गहन जानकारी ली।

### एनडीडीबी और छत्तीसगढ़ सहकारी दुग्ध महासंघ के बीच एमओयू

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित, उरला, दुर्ग एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, आणंद, गुजरात के साथ पिछले साल छत्तीसगढ़ राज्य में डेयरी उद्यमिता को प्रोत्साहन देने एवं दुग्ध संकलन तथा प्रसंस्करण में वृद्धि हेतु राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ एमओयू हुआ है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, सहकारिता सुब्रत साहू, आयुक्त, सहकारिता व पंजीयक सहकारी संस्थाएं कुलदीप शर्मा और प्रबंध संचालक राष्ट्रीय डेयरी बोर्ड सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## पदोन्नति के चार माह बाद 6 खाद्य अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग

**रायपुर।** खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग अंतर्गत सहायक अधिकारी से खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किए गए 6 अधिकारियों को चार महीने के बाद नई पोस्टिंग दी गई है। इनमें दो अधिकारियों को उसी जिले में पोस्टिंग दी गई है, जहां वे पहले ही सहायक अधिकारी के पद पर पदस्थ थे, वहीं 3 अधिकारियों को दूसरे जिलों में एवं एक को संचालनालय भेजा गया है। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उपसचिव भागवत जायसवाल ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया है। इसके अनुसार राज्य शासन ने 30 दिसंबर 2024 को 6 सहायक खाद्य अधिकारियों को खाद्य अधिकारी के पद पर पदोन्नत किया था, जिनका नवीन पदस्थापना होना था। इन सभी अधिकारियों को अब नवीन पदस्थापना देते हुए अरविंद दुबे को रायपुर से गरियाबंद, शिव बहादुर कामठे को बलरामपुर रामानुजगंज से सरगुजा, शांति कुमारी को धमतरी से संचालनालय, रविशंकर कोमरा को जगदलपुर से सुकमा, तुलसीराम ठाकुर को बालोद एवं तारेंद्र सिंह अत्री को दुर्ग में पदस्थ किया है।

## भिलाई के बौद्ध भूमि में कल होगी कांग्रेस की प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुर्ग के भिलाई में होने वाली संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने के लिये दुर्ग संभाग के कांग्रेस नेताओं की बैठक में निर्णय लिया गया कि 25 अप्रैल को शाम 6 बजे दुर्ग के कोसानाला बौद्ध भूमि में रैली का आयोजन किया जायेगा। यह रैली ऐतिहासिक होगी, जिसमें दुर्ग संभाग से बड़ी संख्या में आमजन को शामिल करने की योजना बनाई गई।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं एआईसीसी के महासचिव भूपेश बघेल के निवास पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुये श्री बघेल ने कहा, कांग्रेस ने पूरे देश में 40 दिनों तक संविधान बचाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया है। प्रदेश में इसकी शुरुआत दुर्ग से हो रही है। दुर्ग संभाग के कांग्रेस जनो के लिये यह सौभाग्य का विषय है कि प्रदेश में इसकी शुरुआत यहां से हो रही है।

**संविधान बचाओ रैली के लिये दुर्ग संभाग के नेता एकजुट**

संविधान बचाओ मुहिम चलाने की आज के समय में सबसे ज्यादा जरूरत है। संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यो पर फिर से जोर देगा। अभियान के माध्यम से हम संविधान की रक्षा करने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के मूल्यों को बनाये रखने और हम भारतीय के अधिकारों, सम्मान और भविष्य के लिये लड़ने के लिये एकजुट है। हम इस देश के गरीबों को लिये अपनी लड़ाई में अडिग रहेंगे, उनके अधिकारों की वकालत करेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करेंगे।

---

सदरबाजार, शास्त्रीबाजार, बैजनाथ पारा, फाफाडीह, स्टेशन रोड के 5 हजार आवेदक शामिल

# 24 घंटे जल आपूर्ति में 6 हजार यूजर नए कनेक्शन लेने नहीं दिखा रहे दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का शुद्ध पानी पहुंचाने की योजना में सर्वे के समय नाम दर्ज कराने वाले 6 हजार आवेदक नए कनेक्शन लेने दिलचस्पी नहीं दिखा रहे।

■ सर्वे के समय दर्ज कराया था नाम

इनमें से 5 हजार आवेदक ऐसे हैं, जो सदरबाजार, गोलबाजार, मालवीय रोड, शास्त्रीबाजार, बैजनाथपारा, स्टेशन रोड, फाफाडीह सहित अन्य व्यावसायिक क्षेत्र से हैं, जबकि 1 हजार आवेदक आवासीय क्षेत्र से संबंधित हैं। अब अनुबंधित एजेंसी के कर्मचारी आवेदकों के नाम व पते ढूंढकर कनेक्शन कराने के फायदे बताने पहुंच रहे हैं। दरअसल, शहर में पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा एबीडी एरिया के 15 चुनिंदा वार्डों में पीने का साफ पानी नलों से 24 घंटे उपलब्ध कराने की योजना अब तक धरातल पर साकार रूप नहीं ले पायी है। 130 करोड़ रुपये के इस प्रोजेक्ट के तहत 180 किलोमीटर की नई पाइप लाइन बिछाई गई।

गंज पानी टंकी और मोतीबाग पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर चयनित 15 वार्डों में नई पाइप लाइन से जल आपूर्ति की टेस्टिंग पूरी होने के बाद भी लोगों को 24 घंटे पीने का साफ पानी नहीं मिल पा रहा है। संबंधित वार्डों के रहवासी अपनी शिकायत महापौर से लेकर निगम आयुक्त तक कर चुके हैं। यही नहीं, जोन स्तर पेयजल के लिए बुलाई गयी समीक्षा बैठक में भी इस बात को लेकर वार्ड पार्षदों की नाराजगी खुलकर सामने आयी।

### 27 हजार नए कनेक्शन का टारगेट, पूरा कर पाये 21 हजार कनेक्शन

अनुबंधित एजेंसी को 15 वार्ड में 27 हजार उपभोक्ताओं के यहां 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए नए कनेक्शन देने टारगेट मिला। ठेका एजेंसी के कर्मचारी अब तक केवल 21 हजार उपभोक्ताओं के यहां नए नलकनेक्शन कर पाये। 6 हजार आवेदकों के यहां इंटर कनेक्शन का कार्य लंबित है। सूत्रों के मुताबिक इनमें से 5 हजार आवेदक ऐसे हैं जिनकी व्यवसायिक क्षेत्रों में दुकानें हैं। 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए कराये गये सर्वे सूची में इनका नाम दर्ज है पर इंटर कनेक्शन कराने ध्यान नहीं दे रहे।

---

राज्य सरकार ने जारी की अधिसूचना, हो गई लागू

# किसी बच्चे की पहचान प्रमाणीकरण न होने पर भी स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित नहीं कर सकते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं जैसे आयुष्मान भारत, डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना से उन बच्चों को किसी हाल में वंचित नहीं किया जा सकता, जिनके पास उनकी पहचान का प्रमाणीकरण न हो, या बच्चे के पालक उसका आधार नंबर न दे सकें। बच्चों के अलावा व्यस्क लोगों के मामले में भी अगर बायोमैट्रिक्स में गड़बड़ी हो, तो उसके लिए भी उपाय है। सरकार की कोशिश ये है कि योजना के वास्तविक लाभार्थी वंचित न हों।

खास खबर

इस संबंध में राज्य सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अधिसूचना जारी की है। यह प्रावधान 21 अप्रैल से लागू हो गया है। सरकार ने साफ किया है कि किसी बच्चे के उसकी पहचान प्रमाणीकरण को या आधार नंबर के प्रमाण को प्रस्तुत करने में असफल रहने की दशा में, योजनांर्गत लाभ को अस्वीकार नहीं करेगा या किसी बच्चे जिसको आधार संख्या नहीं दिये जाने की दशा में, नामांकन के लिये आवेदन प्रस्तुत करेगा। दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान को सत्यापित करते हुये उसे लाभ दिया जायेगा तथा जहाँ ऐसे अन्य दस्तावेजों के आधार पर लाभ प्रदान किया गया हो, वहां विभाग उसे अभिलेख पर लेने के लिए एक पृथक पंजी संधारित करेगा, जिसकी समय-समय पर समीक्षा और अंकेक्षण क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से किया जायेगा।

### वयस्कों की बायोमेट्रिक्स खराब है तो ये करना है

बच्चों के मामले में पहचान या आधार न होने की स्थिति से अलग व्यस्कों के मामले में कई बार ये होता है कि आधार नंबर होने के बाद भी उनका बायोमेट्रिक्स खराब है। पहचान नहीं हो पा रही तो उसके लिए भी रास्ते सुझाए गए हैं। इसका मकसद भी यही है कि सरकार की योजनाओं से लाभार्थी वंचित न हों। सरकार ने कहा कि सभी मामलों में, जहाँ लाभार्थियों के खराब बायोमेट्रिक्स के कारण या किसी अन्य कारण से आधार प्रमाणीकरण विफल हो जाता है। ऐसे मामलों में यह तरीका अपनाया जाएगा।

### वन टाइम पासवर्ड भी होगा मंजूर

उंगलियों के निशान या आईरिस स्कैन या चेहरे के प्रमाणीकरण के माध्यम से बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सफल नहीं होने की स्थिति में, जहां भी संभव हो, आधार वन टाइम पासवर्ड या सीमित समय वैधता के साथ टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड, जैसा भी मामला हो, के द्वारा प्रमाणीकरण स्वीकार्य होगा। अन्य सभी मामलों में, जहां बायोमेट्रिक या आधार वन टाइम पासवर्ड या टाइम-आधारित वन टाइम पासवर्ड प्रमाणीकरण संभव नहीं है, वहाँ योजना के तहत भौतिक आधार पत्र के आधार पर लाभ दिया जा सकता है, जिसका प्रमाणीकरण, आधार पत्र पर मुद्रित क्विक रिस्पोन्स कोड के माध्यम से सत्यापित किया जा सकता है। क्विक रिस्पोन्स कोड रीडर की आवश्यक व्यवस्था विभाग द्वारा अपनी क्रियान्वयन एजेंसी के माध्यम से सुविधाजनक स्थानों पर उपलब्ध करायी जायेगी।

---

# आतंकी हमले के शोक में भाजपा ने संगठनात्मक कार्यक्रम किया स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आतंकी हमले में पर्यटकों की हृदय विदारक मृत्यु पर गहन शोक-संवेदना व्यक्त की है। भाजपा ने इस हमले के शोक में अपने सभी संगठनात्मक कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं।

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार को आहूत डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा और विचार गोष्ठी के साथ ही आगामी 25 अप्रैल को वक्फ बोर्ड सुधार कानून जनजागरण अभियान के निमित्त होने वाली कार्यशाला स्थगित की गई है। सभा में पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशीथ प्रमाणिक मुख्य वक्ता थे। 25 अप्रैल को ही एक कार्यशाला में मार्गदर्शन देने पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम आने वाले थे, उसे भी स्थगित किया गया है।

### अंतिम यात्रा में शामिल होंगे किरण देव

उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सहित सभी पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कार्यक्रम व प्रवास स्थगित कर दिए हैं। प्रदेश अध्यक्ष देव व भाजपा पदाधिकारी 24 अप्रैल को राजधानी में समता कॉलोनी निवासी कारोबारी दिनेश मीरानिया की अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 9 बजे मारवाड़ी श्मशान घाट के लिए निकलेगी। उनके अंतिम संस्कार में शिरकत कर स्व. मीरानिया को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## खबर संक्षेप

### विज्ञापन संस्था ने 45वां स्थापना दिवस मनाया

**रायपुर।** देशकर एडवरटाइजिंग ने अपने 45वें स्थापना दिवस का भव्य आयोजन होटल हयात, रायपुर में किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित विज्ञापन संस्था ने अपनी चार दशकों से अधिक की गौरवपूर्ण यात्रा का उत्सव मनाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों में दीपक मस्के, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, उमाशंकर व्यास, निकेश बारड़िया, पार्षद राजेश गुप्ता एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### पीपीटी और प्रीएमसीए के प्रवेश पत्र जारी




**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा प्री पॉलिटेक्निट टेस्ट के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मास्टर इन कंप्यूटर एप्लीकेशन पाठ्यक्रम के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा प्री एमसीए के एडमिट कार्ड भी व्यापम ने अपने वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं। ये परीक्षाएं एक मई को दो पालियों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी।

## निधन

### दिनेश मिरानिया



**रायपुर।** समता कॉलोनी निवासी दिनेश मिरानिया का 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 24 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे निवास स्थान गरबा मैदान समता कॉलोनी से मारवाड़ी मुक्ति धाम जाएगी। वे नेहा मिरानिया के पति एवं शौर्य, लक्षिता मिरानिया के पिता थे।

### रमाकांत दुबे



**रायपुर।** ब्राह्मणपारा निवासी पं. रविवि से सेवानिवृत्त रमाकांत दुबे सिकोला वाले (76) का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया। वे कृष्णगोपाल दुबे के पिता थे।

### विद्या कपूर



**रायपुर।** प्रियदर्शनी नगर निवासी जिला कार्यालय खाद्य शाखा रायपुर में कार्यरत विद्या कपूर का 23 अप्रैल को निधन हो गया। वे बैंगलोर में कार्यरत साफ्टवेयर इंजीनियर रोनाल्ड कपूर और लिंकन कपूर की माता थीं।

### रोशन कोटड़िया



**रायपुर।** शैलेन्द्र नगर, कोंडागांव निवासी रोशन कोटड़िया का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कर 23 अप्रैल को कोंडागांव में किया गया। वे विजयलाल के पुत्र एवं गौतम, ललित कोटड़िया के छोटे भाई थे।

# गर्मी के टार्चर से बीमार होने लगे लोग, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 'लू' के केवल दस मामले

## जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित मामले, रायपुर-बिलासपुर में आंकड़े शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

पिछले तीन-चार दिनों से प्रदेश भारी गर्मी की चपेट में आ गया है। गर्मी के प्रभाव से लोग बीमार होने लगे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में अप्रैल में लू के मरीजों की संख्या केवल दस है। संबंधित केस जांजगीर और बलौदाबाजार से संबंधित है, शेष जिलों में हीट-स्ट्रोक का प्रकरण शून्य है। अस्पतालों में गर्मी की वजह से डिहाईड्रेशन, कमजोरी, बुखार की शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं, मगर विभाग उन्हें लू का मामला नहीं मान रहा है।

रायपुर के साथ दुर्ग और बिलासपुर संभाग में पिछले चार दिनों से पड़ रही भारी गर्मी की वजह से लोग हलाकान हो गये हैं। भारी गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर होने लगा है और सीधे धूप के प्रभाव में होने की वजह से लोग बीमार भी पड़ रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के चिकित्सक डा. योगेन्द्र मल्होत्रा के मुताबिक गर्मी की वजह लोग डिहाईड्रेड होने लगे हैं।

इसके साथ ही कई को बुखार और कमजोरी होने के साथ पेट खराब होने की शिकायत भी हो रही है। लक्षण के आधार पर उनका इलाज किया जा रहा है, मगर किसी को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं हुई है। तेज धूप की वजह से दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच गर्म हवा के संपर्क में आने से लोग बीमार हो रहे हैं, मगर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार हीट-स्ट्रोक के मामले अभी अस्पतालों तक नहीं पहुंचे हैं।

### लू वार्ड पर लाखों खर्च

अप्रैल बीतने में सप्ताहभर शेष है, मगर रायपुर समेत उन जिलों में लू के एक भी मामले सामने नहीं आए हैं, जहां भारी गर्मी पड़ रही है। इन जिलों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू वार्ड के नाम पर लाखों रुपये जरूर खर्च कर लिया गया है। पहली बार जिला अस्पतालों में बनाये गए लू वार्ड में बॉथ टब के साथ बर्फ जमाने की मशीन रखी गई है, जिस पर लाखों रुपये खर्च किया गया है। अफसरों का तर्क है कि गर्मी के लिए अभी मई और जून का महीना बाकी है। इस दौरान केस बढ़ने की संभावना है।



### मई-जून में ज्यादा मामले

अप्रैल में लू के केवल दस मामले सामने आये हैं। गर्मी कुछ दिनों से अपना असर दिखा रही है। हीट-स्ट्रोक की आशंका मई और जून के महीने में अधिक होती है। उस दौरान मामले सामने आने की संभावना है।

*- डा. स्मृति देवांगन, राज्य नोडल अफसर जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य*

### विभागीय अलर्ट मार्च में ही जारी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मार्च के महीने में ही लू को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। आम लोगों को इससे बचाव के तरीके बताने के साथ अस्पताल स्तर पर भी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए थे। प्राथमिक से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आने वाले मरीजों के लिए ओआरएस कार्नर बनाने के साथ फ्लूड और अन्य दवा रखने के निर्देश दिये गए थे। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अब तक रायपुर जिले में लू का एक भी मामले सामने नहीं आया है। आंकड़ा शून्य होने पर विभागीय अपडेट नहीं होने की संभावना से भी इन्कार नहीं किया जा रहा है।

## स्टेशन पर गर्मी नहीं करेगी परेशान, 25 डिग्री तक पहुंचेगा तापमान

# भीषण गर्मी में स्टेशन रहेगा कूल-कूल 40 मिनट तक मिलेगा फुहारों का झोंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

गर्मी के मौसम में प्लेटफार्म से लेकर वेटिंग हॉल तक उमस और तपन ने यात्रियों का हाल बेहाल कर रखा है। तेज धूप और भीड़ के कारण पंखे भी राहत नहीं दे पा रहे हैं। कहीं एसी का कूलिंग सिस्टम सुस्त है, तो कहीं कूलर की ही कमी है। ट्रेनों के एसी कोच में भी गर्मी से खास राहत नहीं मिल रही।

यात्रियों की इन्हीं समस्याओं को हरिभूमि लगातार प्रकाशित करता रहा है, जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने अब राहत देने के लिए नया प्लान तैयार किया है। इस प्लान के तहत स्टेशन के तापमान को कम करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं, ताकि प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों को चिलचिलाती धूप से कुछ सुकून मिल सके।

मंगलवार को सीनियर डीसीएम अवधेश कुमार त्रिवेदी ने स्टेशन का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म और वेटिंग हॉल में तापमान की जांच की, जो 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक पाया गया। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब यात्रियों को शीतलता प्रदान करने के लिए मिस्टिंग सिस्टम के संचालन का समय बढ़ाया जाएगा। पहले यह सिस्टम ट्रेन के आगमन पर 10 से 15 मिनट चलता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 40 मिनट तक किया जाएगा। अन्य प्लेटफार्मों पर भी इस मिस्टिंग सिस्टम को लगाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

## वेटिंग हॉल में बढ़ेगी ठंडी हवा की रफ्तार



### वेटिंग हॉल में अब 25 डिग्री पर मिलेंगी राहत की सांसें

गर्मियों में यात्रियों को स्टेशन पर राहत देने रेलवे ने वेटिंग हॉल में भी ठंडी हवा की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्णय लिया है। एसी वेटिंग हॉल के एयर कंडीशनर्स को अब 25 से 26 डिग्री पर चलाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि यात्री लंबे इंतजार के दौरान सहज महसूस कर सकें। वहीं, सामान्य वेटिंग हॉल जहां एक साथ 100 से अधिक यात्री बैठते हैं, वहां का तापमान जो पहले 35 डिग्री से अधिक पहुंच जाता था, अब 25 डिग्री तक लाने की तैयारी है। इसके लिए तीन नए कूलर लगाए जाएंगे और नियमित सफाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में प्लेटफार्म और वेटिंग हॉल की मॉनिटरिंग लगातार की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की दिक्कत पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### ट्रेनों में भी सुधरेगा कूलिंग सिस्टम

भीषण गर्मी में एसी ट्रेनों का कूलिंग सिस्टम जवाब देने लगा है। कई ट्रेनों में यात्रियों ने एसी और पंखों की खराबी की शिकायत की, जिसके बाद रेलवे अधिकारियों ने जांच कर तत्काल सुधार के निर्देश दिए हैं। खासकर जनरल और स्लीपर कोच में जहां पंखे काम नहीं कर रहे थे, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने को कहा गया है। हरिभूमि द्वारा लगातार इन समस्याओं को उजागर किए जाने के बाद रेल प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है। निर्देश दिए हैं कि ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों को गर्मी में किसी भी हालत में परेशानी न हो। आने वाले दिनों में ट्रेनों का कूलिंग सिस्टम बेहतर और अधिक प्रभावी होगा, ताकि यात्रियों को सफर के दौरान सुकून मिल सके।

### प्लेटफार्म को करेंगे शीतल

प्लेटफार्म और वेटिंग हाल में यात्रियों को गर्मी में शीतलता प्रदान करने के लिए मिस्टिंग सिस्टम का समय बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा वेटिंग हॉल में नए कूलर भी लगाए जा रहे हैं। लगभग 25 डिग्री तापमान किया जाएगा, ताकि यात्रियों को तेज धूप से स्टेशन में राहत मिले।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम*

# सकरी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के आसपास बरगद, पीपल, नीम के पौधारोपण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ स्वच्छता विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर ने किया प्लांट का निरीक्षण

लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की अध्यक्ष गायत्री-सुनील चंद्राकर ने बुधवार को सकरी स्थित नगर निगम के सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर के आसपास को हराभरा रखने के लिए बरगद, पीपल, नीम के पौधे रोपने सुझाव दिये। साथ ही अनावश्यक पेड़ पौधों की कटाई-छंटाई कर प्लांट एरिया में स्वच्छता बनाये रखने की हिदायत संबंधित अधिकारियों को दी। उन्होंने डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान कार्य की जानकारी ली।

नगर निगम की एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर ने संकरी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचकर अधिकारियों के साथ शहर से निकलने वाले गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया समझी और सीमेंट प्लांट को भेजे जाने वाले अपशिष्ट की परिवहन व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। प्लांट में सुचारू ठोस कचरा प्रबंधन कार्य को देख कर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।

एमआईसी सदस्य ने प्लांट के कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में कार्य करते समय स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व पार्षद सुनील चंद्राकर, नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष ...

### थोड़ा नरम पड़ा पारा ...

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले तीन दिन गर्मी से राहत नहीं मिलेगी, क्योंकि उत्तर-पश्चिम की शुष्क हवा गर्मी को बढ़ाने में सहायक हो रही है। धूप की तपिश सुबह 11 बजे से ही अपना असर दिखाना शुरू कर रही है और दिनभर की गर्मी से तप चुकी धरती रात को भी सुकून नहीं लेने दे रही है।

बस्तर इलाके में आने वाली नमी के प्रभाव से गुरुवार को मौसम में थोड़ा बदलाव होने की संभावना है और वहां के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने के आसार बन रहे हैं। प्रदेश के अन्य हिस्सों के मौसम में बड़ा बदलाव होने की संभावना है। बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के जिलों में ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति अगले दो दिनों और रहने का अनुमान है।

#### अप्रैल में विभिन्न शहरों सर्वाधिक तापमान

रायपुर 44.4 (22 अप्रैल 2025)
बिलासपुर 45.0 (22 अप्रैल 2017)
पेंड्रा 42.5 (30 अप्रैल 2019)
जगदलपुर 41.9 (24 अप्रैल 2016 एवं 28 अप्रैल 2019)
अंबिकापुर 42.4 (20,21 अप्रैल 2016)
दुर्ग 43.8 (30 अप्रैल 2019)

### पंडरी कपड़ा मार्केट में ...

मशक्कत करनी पड़ी। **गाड़ी हटाने पर पहुंच पाई दमकल की गाड़ी** : घटना रात आठ बजे के करीब की है, इस लिहाज से बाजार में ग्राहकों की आवाजाही थी। कपड़ा खरीदने आने वाले गाड़ी मालिकों ने अपने दोपहिया तथा चारपहिया वाहनों को बेतरतीब ढंग से पार्क कर दिए थे। इस वजह से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौके पर ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर उपस्थित पुलिस की मदद से बेतरतीब ढंग से पार्क गाड़ियों को हटाया गया। आग की घटना से कितने का नुकसान हुआ है, फिलहाल इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी।

## दिव्यांग बच्चों को स्टेशनरी का वितरण

**रायपुर।** वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन के संस्थापक रायपुर के पूर्व महापौर स्व. संतोष अग्रवाल की पांचवीं पुण्यतिथि के अवसर पर वैश्य वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के स्कूल-कॉलेज कोपलवाणी में जाकर स्टेशनरी वितरित की गई। साथ ही बच्चों के साथ स्व. संतोष अग्रवाल की पुण्यतिथि पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर फेउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष कन्हैया अग्रवाल ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सिंघानिया परिवार द्वारा स्कूल परिसर में ही प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में नरेश सिंघानिया, अरुण सिंघानिया, आनंद सिंघानिया, उमेश गुप्ता, अशोक गुप्ता, अशोक वैश्य, ऋषि गुप्ता, शरद गुप्ता, मुकुंद काग़देलवर, राजेश त्रिवेदी, प्रतीक अग्रवाल, शशि बागड़ी आदि शामिल हुए।




## रोड काटकर अवैध प्लॉटिंग पर लगाई रोक

**रायपुर।** जिले के तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गोता में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी, जिस पर कार्रवाई कर राजस्व विभाग की टीम ने रोक लगाई। टीम ने यह कार्रवाई सुशासन तिहार में आई शिकायत पर किया है। सुशासन तिहार के दौरान ग्राम तोता में अवैध प्लॉटिंग, काले धुंए से प्रदूषण, शासकीय जमीन पर कब्जा और मेन रोड पर ब्रेकर होने की शिकायत की गई है। इन शिकायतों के आधार पर अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई गई है। नायब तहसीलदार विपिन पटेल के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

# उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर खारुन नदी तट पर बनेगा भव्य महादेव कॉरिडोर





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ कारिडोर के लिए आसपास के दुकान वाले एरिया को करेंगे व्यवस्थित

राजधानी के रायपुरा स्थित महादेवघाट के शिव मंदिर और खारुन नदी तट पर मंदिर के पीछे भव्य कॉरिडोर बनाया जायेगा। यह कारिडोर उज्जैन के प्रसिद्ध महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर होगा। इसकी खूबसूरती पर्यटकों को बरबस ही लुभाएगी। नगर निगम के इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य शासन ने 10 करोड़ की स्वीकृति दी है। महादेव कॉरिडोर के लिए आसपास की दुकानों को व्यवस्थित किया जायेगा, ताकि शहर के ऐतिहासिक व प्राचीन हटकेश्वर महादेव का मंदिर दूर से लोगों को आसानी से नजर आये।

शहर के महादेवघाट को सुंदर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने दो फेज में कार्य किया जाएगा। प्रथम फेज में महादेव कारिडोर को लेकर आसपास की दुकानों को व्यवस्थित किया जायेगा। इन दुकानों को हटाया नहीं जायेगा, ताकि उस स्थल का आकर्षण और बढ़ सके। इस दिशा में नगर निगम के अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। महादेवघाट रायपुर का महत्वपूर्ण स्थान है, इसलिए यहां पर्यटन स्थल बनेगा। महादेव कारिडोर के बाद विसर्जन कुंड से होते हुए टाटीबंध के आगे चंदनीडीह की तरफ डबल लेन रोड का प्रस्ताव है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग की तरफ से सर्वे होगा।

इस प्रोजेक्ट का काम रायपुरा चौक जहां छोर पुल की ओर और दूसरा रास्ता पीछे मंदिर की ओर जाता है, इसी मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते से शुरू होगा। इसके बाद ब्रम्हविद स्कूल की ओर जाने वाली सड़क का करीब 50 से 100 मीटर हिस्सा प्रोजेक्ट में शामिल किया जायेगा। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि महादेव कारिडोर प्रोजेक्ट के दूसरे फेज में सिंचाई और पर्यटन विभाग की प्लानिंग जोड़ी जायेगी।

### पार्किंग के लिए अलग से स्पेस

महादेव कारिडोर का निर्माण होने से इसकी भव्यता बढ़ेगी। इससे न केवल रायपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र बल्कि दूरदराज से भी बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही होगी। इसे देखते हुए दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए अलग से पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए प्रोजेक्ट में प्रावधान किया गया है। इसी तरह पेयजल व्यवस्था, सार्वजनिक प्रसाधन की सुविधा रहेगी। महादेव घाट स्थित शिव मंदिर और खारुन नदी वह तट जो मंदिर के ठीक पीछे रायपुरा पुल की ओर जाता है, इसी प्रकार महादेवघाट मुक्तिधाम वाले भाठागांव रोड की ओर जहां आमने-सामने दुकानें बनी हैं, उस एरिया को भी व्यवस्थित किया जायेगा।

कार्यालय रा.नि.मं.- रायपुर-14 (बोरियाखुर्द), तहसील-रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

जारी दिनांक 22/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक श्रीमती यामिनी साहू पति श्री ओमप्रकाश साहू निवासी सहारा देव चौक मठपुरैना द्वारा आवेदित ग्राम मठपुरैना प.ह.नं.-61 राजस्व निरीक्षक मण्डल-रायपुर-14 बोरियाखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 264/25 रकबा क्रमशः 0.032 हे. कुल खसरा क्रमांक 01 रकबा 0.032 हे. भूमि का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28/02/2025 के परिपालन में दिनांक 08/05/2025 को समय अपरान्ह 3 PM बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अतः उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथी में हल्का पटवारी हल्का नंबर 61 के मठपुरैना स्थित पटवारी/ राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/ आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-14 (बोरियाखुर्द)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
अभनपुर उप तहसील खोरपा
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- अभनपुर प.ह.न.- 00010 कोलर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425441628600031

**// ईश्तहार //**

तहसील अभनपुर के प.ह.न. 00010 के अंतर्गत ग्राम कोलर के वर्तमान भूमिस्वामी महेश पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह, रमेश पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह, ब्रजलाल पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 54/16 (0.1860), 54/3 (0.0810) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता ब्रजलाल पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह, महेश पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह, रमेश पिता/पति- बसंतलाल पाल पता-सा देह के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16/05/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अभनपुर उप तहसील खोरपा पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/04/2025 को जारी किया जाता है।

(मुहर)
अतिरिक्त तहसीलदार :
RAMMOORTHY DIWAN
उप तहसील खोरपा

## सिविल इंजीनियर से 32 लाख की ठगी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक सिविल इंजीनियर ने अज्ञात के खिलाफ निवेश करने के नाम पर 32 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लाभांडी निवासी सत्येंद्र श्रीवास्तव ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सत्येंद्र ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात जालसाज ने उसे अपने सोशल मीडिया ग्रुप में जोड़कर ब्रिज गोल्ड नामक कंपनी में रकम निवेश करने का झांसा दिया और उससे निवेश कराया। रकम निवेश करने पर 20 हजार रुपए लाभ पहुंचाया। इसके बाद बड़ी राशि निवेश करने पर और ज्यादा लाभ मिलने का झांसा देकर मोटी रकम निवेश कराकर ठगी की।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने कोरबा के एक युवक की शिकायत पर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक अन्य युवक को गिरफ्तार किया है। हीरालाल रजवाड़े की शिकायत पर पुलिस ने विजय कुमार यादव उर्फ विवेक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि वह अपनी गाड़ी में पीडब्लूडी की नेम प्लेट लगाकर लोक निर्माण विभाग में एसडीओ पदस्थ होना बताते हुए हीरालाल को पीडब्लूडी में नौकरी लगवाने का झांसा देकर चार लाख की ठगी की। इसके साथ ही विजय ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर हीरालाल को फर्जी नियुक्ति पत्र भी दिया।

### सहायक सांख्यिकी अधिकारी के मॉडल आंसर जारी

**रायपुर।** व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा के मॉडल आंसर जारी कर दिए गए हैं। व्यापम द्वारा यह परीक्षा 13 अप्रैल को आयोजित की गई थी। इसके माध्यम से कृषि संचालनालय के रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। मॉडल आंसर पर दावा आपत्ति 30 अप्रैल तक मंगाए गए हैं। इसके बाद अंतिम परिणाम जारी कर दिए जाएंगे। मॉडल आंसर व्यापम की वेबसाइट पर देखे जा सकते हैं।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतों की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सिंधी काउंसिल ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



रायपुर। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के पदाधिकारियों ने बुधवार को नेताजी चौक कटोरा तालाब पर जम्मू कश्मीर पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटक शहीद हुए उनको मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही समता कॉलोनी के दिनेश मीरानिया को भी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने कहा, कायर आतंकी संगठनों ने निर्दोष पर्यटक पर हमला किया, उसकी हम निंदा करते है। श्रद्धांजलि देने वालों में पार्षद अमर गिदवानी, डॉ एनडी गजवानी, सुनील कुकरेजा, नितिन कृष्णानी, राहुल चंदानी, तेजकुमार बजाज, धनेश मटलानी, रितेश वाधवा, मनोहर चंदानी, डा. गोपाल चावला, मनीष पंजवानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, आकाश बजाज, अनिल ज्योतसिंघानी आदि उपस्थित थे।

## पहलगाम, कश्मीर आतंकी घटना की वकीलों ने की कड़े शब्दों में निंदा



रायपुर। जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम, कश्मीर में हुए नृशंस आतंकी हमले की एक स्वर में कड़े शब्दों में निंदा की है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी ने इस घटना में निर्दोष नागरिकों की मृत्यु पर संघ ने गहरा दुख और क्षोभ व्यक्त किया और आज न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने मौन रहकर पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना और शहीद आत्माओं को शांति के लिए प्रार्थना सभा के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोक सभा में राजधानी के सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा, पहलगाम का यह आतंकी हमला केवल हमारी राष्ट्रीय एकता और शांति पर हमला नहीं, बल्कि उन निर्दोष परिवारों के सपनों को तार-तार करने वाली घटना है, जो इस हिंसा का शिकार हुए। इस शोक सभा को महिला उपाध्यक्ष रितु बुंदेला, किशोर ताम्रकार, अरुण कुमार मिश्रा, ऋतु बुंदेल, श्रीकांत मिश्रा, अपूर्व कुमार सेन, गायत्री साहू, भंजन कुमार जांगड़े, परस राम कश्यप, सावित्री नायक, सागर पाण्डेय, नीतू भोई सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता शामिल हुए।

## विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का निशान मिटाने का समय : डा. सलीम राज

रायपुर। पहलगाम आतंकी हमले पर छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने तीखी और कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अब विश्व के नक्शे से पाकिस्तान का निशान मिटाने का समय आ गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए नृशंस आतंकी हमले के बाद मंगलवार को बैसारन घाटी में पर्यटकों पर हुए इस हमले ने वैश्विक चेतना को झकझोर दिया है। लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द्वारा अंजाम दिए गए इस नरसंहार में 28 निर्दोष लोगों की जान गई है।

## कश्मीर आतंकी घटना की कई संस्थाओं ने कड़े शब्दों में निंदा की, श्रद्धांजलि भी दी

रायपुर। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिला दिया है। मंगलवार दोपहर के समय हुए इस नृशंस हमले में 27 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में छत्तीसगढ़ रायपुर, उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु और ओडिशा के पर्यटक शामिल थे। हमले के वक्त बैसरन घाटी में बड़ी संख्या में पर्यटक मौजूद थे। इस आतंकी हमले की राजधानी रायपुर की कई संस्थानों ने कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई है।

### शहर के व्यापारी दिनेश मीरानिया सहित निर्दोष पर्यटकों की मौत पर संवेदना व्यक्त की

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कैट, चैंबर ने की निंदा, श्रद्धांजलि सभा, कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




कैट और छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में राजधानी के व्यापारी दिनेश मीरानिया सहित निर्दोष पर्यटकों की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों की ओर से श्रद्धांजलि दी। कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा की है। अमर पारवानी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को हिला दिया। यह हमला न सिर्फ मानवीय त्रासदी है, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति और वैश्विक समर्थन का भी इम्तहान है। पहलगाम के आंतकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है, इस दुख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। श्रद्धांजलि सभा में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने आतंकी हमले की निंदा की



रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले की निंदा करते हुए इसे अमानवीय कृत्य करार दिया है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने संयुक्त रूप से कहा है कि पहलगाम में हुआ यह कायराना आतंकी हमला सिर्फ कुछ लोगों पर नहीं, पूरे मानवता पर हमला है। चैंबर के पदाधिकारियों ने कहा हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त कर घायल लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना करते हैं। चैंबर के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मिलकर पहलगाम में हुए आंतकी हमले के दोषियों को कड़ी सजा देने के संबंध में प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से सतीश थौरानी, सरल मोदी, राजेश वासवानी, शंकर बजाज, कांति पटेल, निकेश बरड़िया, नीलेश मूंदड़ा, अमर जैन, मनोज जैन, किशोर आहूजा, दीपक विधानी, लोकेश जैन शामिल रहे।

## जलाए पाकिस्तानी झंडे, कहा- यह एकजुट रहने का समय



रायपुर । कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में युवा कांग्रेस ने पाकिस्तानी झंडे जलाए। बुधवार शाम यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता राजीव गांधी चौक पर एकत्र हुए। यहां उन्होंने आतंकवाद का पुतला जलाया। इस हमले में रायपुर के एक कारोबारी की भी जान गई है। यूथ कांग्रेस ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान कहा कि यह समय राजनीति करने का नहीं है, बल्कि एकजुटता दिखाने का है। सभी को एकजुट होकर आतंकवाद का सामना करना होगा। आतंकवाद और पाकिस्तान विरोधी नारे भी लगाए गए। हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को इंसाफ दिलाने की मांग सरकार से की गई।

**तत्काल जवाबी कार्रवाई की मांग** : यूथ कांग्रेस ने कहा, हम केंद्र की मोदी सरकार से यह चाहते हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ तुरंत जवाबी कार्रवाई की जाए और मासूमों की जान का बदला उन्हीं की भाषा में लिया जाए। जिस तरह से आतंकवादियों ने मासूम सैलानियों को मारा है, उससे यह स्पष्ट है कि आतंकवादी छिपकर वार करते हैं। रायपुर निवासी व्यापारी दिनेश मिरनिया की भी जान इस आतंकी हमले में गई है। उनके परिवार के साथ देश का हर एक व्यक्ति एकजुटता के साथ खड़ा है। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में यह विरोध प्रदर्शन हुआ।

## कारोबारी दिनेश मिरानिया को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। कारोबारी दिनेश मिरानिया के पहलगाम में आतंकी हमले में हुई हत्या के विरोध में बुधवार को अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा अटल चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवादियों की इस कायराना करतूत से व्यापारी समाज में घोर आक्रोश व्याप्त है। श्रद्धांजलि सभा में संघ के संरक्षक अशोक गुप्ता, अध्यक्ष राजकुमार राठी,महामंत्री किशोर नायक, उपाध्यक्ष सुब्रत घोष, संतोष श्रीवास्तव, सोनू गर्चा, विकास मिश्रा, राहुल राजपूत, असलम खान सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## स्थिति आपातकाल से भी भयावह



रायपुर। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों द्वारा भी पुतला दहन किया गया। रायपुर में तीन स्थानों पं. रविशंकर शुक्ल विवि, नंदकुमार पटेल महाविद्यालय बिरगांव, घड़ी चौक एवं सड्डू चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। विरोध प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी ने कहा, यदि सरकार ने जल्द ही इस पर नियंत्रण नहीं पाया, तो स्थिति आपातकाल से भी भयावह हो सकती है। हम इस संकट की घड़ी में सरकार के साथ खड़े हैं और मांग करते हैं कि आतंकियों का जड़ से सफाया कर उन्हें ऐसा सबक सिखाया जाए कि वे दोबारा भारत की ओर देखने की भी हिम्मत न करें। राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी के आह्वान पर रायपुर महानगर इकाई द्वारा महानगर मंत्री प्रथम राव फुटाने के नेतृत्व में घड़ी चौक पर आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। अन्य स्थानों पर भी एबीवीपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे।

## राज्य आंदोलनकारियों ने दी श्रद्धांजलि

रायपुर। राज्य आंदोलनकारी छसपा छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने जम्मू कश्मीर आतंकी हमला में देश सहित छत्तीसगढ़ के नागरिक हुए शहीदों को श्रद्धांजिल अर्पित की है। साथ ही उन्होंने कहा कि रायपुर समता कालोनी के दिनेश मिरानीया सहित 26 देश के नागरिक जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमला में शहीद हुए हैं। सभी शहीदों को राज्य आंदोलनकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा है कि यह घटना देश के गुप्त सूचना विभाग फेल होने के साथ चूक है। सुरक्षा का समीक्षा कर देश को प्रधानमंत्री जबाब दें। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रदेशाध्यक्ष अनिल दुबे, दाऊ जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, दीनदयाल वर्मा, चेतन देवांगन, लालाराम वर्मा, महेंद्र कौशिक, वेगेंद्र सोनवेर, नंदकुमार साहू, छन्नूलाल साहू, बृजबिहारी साहू, अशोक कश्यप, जगदंबिका साहू, सुंदर कौशिक, विमल ताम्रकार, योगेश पात्रे, भगत वर्मा, योगेश शर्मा, भुवन पटेल, राधेश्याम लतेल, जगन सिन्हा, घनाराम साहू, चंद्रप्रकाश साहू, राजपाल टंडन, दशरथ सिन्हा, हेमसागर पटेल, संतोष यादव, छबि पटेल आदि है।

## जयस्तंभ चौक पर पाकिस्तान का नक्शा जलाया



रायपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ के संयुक्त नेतृत्व में पहलगाम के अत्यंत दुखदायी घटना के खिलाफ पाकिस्तान ,आतंकवाद और आतंकवादियों का चित्र के साथ पाकिस्तान का नक्शा जयस्तंभ चौक पर जलाया गया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मोहम्मद सिद्दीक ने कहा कि पहलगाम में पर्यटकों की चुन-चुनकर हत्या की गई उससे पूरा देश स्तब्ध है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से राजेश केडिया, नरेंद्र शुक्ला, नागेन्द्र वोरा, राहुल तिवारी, राजेश त्रिवेदी सहित अनेक लोग शामिल थे।

## आतंकी हमले में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले से पूरा देश रोष में है। पूरा देश आज एकजुट होकर इस आतंकवादी हमले की निंदा कर रही है। कांग्रेस भवन गांधी मैदान से हाथों में कैंडल लेकर कांग्रेस के कार्यकर्ता कोतवाली चौक पहुंचे जहां 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, आतंकवादी हमले से आज पूरा देश एकजुट होकर इस आतंकवादी हमले की निंदा कर रहा है। **ये थे मौजूद** : कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, छाया वर्मा, उधोराम वर्मा, मदन तालेड़ा, सुरेश ठाकुर, आकाश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, दिनेश ठाकुर, दिलीप चौहान, प्रशांत ठेंगड़ी, दीपा बग्गा, देव कुमार साहू, सारिक रईस खान, जीश्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, सोनू शर्मा, कामरान अंसारी, ओम श्रीवास, राजू सोनी, राहुल तिवारी, अनीश मनिहार, नवीन केसरवानी, बाबा मसीह आदि उपस्थित थे।

## आरोपियों का किया पुतला दहन



रायपुर। पहलगाम में हुए 26 निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध स्वरूप बुधवार को रायपुर मुस्लिम समाज की युवा शाखा आरएसएस हुसैनी सेना द्वारा आतंकवादियों का पुतला दहन किया गया। साथ ही पहलगाम कांड में शहीद हुए मृतकों को राजीव गांधी चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर रायपुर जिला हुसैनी सेना के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आमिर, शहर अध्यक्ष मोहम्मद सुफी ओवैस, शहर कार्य अध्यक्ष अशफाक खान, रायपुर उत्तर विधानसभा अध्यक्ष इसरार खान, एहतेशाम हुसैन, शेख अकरम ने बताया कि, देश को झकझोर देने वाली पहलगाम हत्याकांड जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है अति निंदनीय घटना है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि ऐसे आतंकी जो देश के लिए नासूर है उन्हें खोज-के निकाल कर इन्हें श्रीनगर के लाल चौक पर गोली मार दी जाए।

## शिवसेना ने इस हत्याकांड की कड़ी निंदा

रायपुर। पुलवामा हमले के बाद भारत भूमि को फिर से रक्तरंजित करने के कुत्सित प्रयास की कड़ी में पाकिस्तान के पाले गये आतंकियों ने फिर से एक कायराना हमला पहलगाम में किया और निर्दोष भारतीयों की हत्या की। यह एक प्रकार का जनसंहार, सामूहिक हत्याकांड है, जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा। शिवसेना (यूबीटी) के प्रदेश महासचिव सुनील कुकरेजा ने इस हत्याकाण्ड की कड़ी निंदा करते हुए कहा है इससे दुखद और कुछ नहीं हो सकता कि निर्दोष और निहत्थे भारतीयों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। इस कांड की घोर निंदा करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के संजय नाग, एचएन सिंह, सन्नी देशमुख, संतोष मार्कण्डेय, शिव लिमजे, समीर पाल, सांई प्रजापति, मुकेश सिन्हा, संजय हलदर, लक्ष्मी कश्यप, विजेन्द्र कुंमलकर ने मातकों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए भारतीय सेना से अनुरोध किया है कि इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दें।

## पाकिस्तान है आतंकवादियों का पनाहगार : बजाज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने पहलगाम में निर्दोष व निहत्थे लोगों पर कायराना हमला अत्यंत ही निंदनीय है तथा सनातन धर्म के प्रति घृणा व नफरत का प्रतीक है। श्री बजाज ने कहा कि एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के बाद भी पाकिस्तान आतंकवादियों का पनाहगार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि आतंवादियों का यह कृत्य अक्षम्य अपराध है। इस कुकृत्य को अंजाम देने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

बिजनेस साइट

## कंधे की समस्या से परेशान युवक को मिली राहत, एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में सफल दूरबीन सर्जरी







रायपुर। कंधे की पुरानी समस्या से जूझ रहे एक 36 वर्षीय युवक को एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर में सफल दूरबीन सर्जरी (आर्थोस्कोपी) के जरिए राहत मिली। गिरने की वजह से शुरू हुई यह समस्या धीरे-धीरे बढ़ती गई और कंधा बार-बार खिसकने लगा, जिससे युवक की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही थी। समस्या गंभीर होने पर युवक ने एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. सौरभ खरे से परामर्श लिया। आवश्यक जांचों के बाद डॉक्टरों ने 'आर्थोस्कोपिक बैंकार्ट रिपेयर' नामक सर्जरी का निर्णय लिया। इस आधुनिक प्रक्रिया में दूरबीन जैसी तकनीक का उपयोग कर बिना बड़े चीरे के कंधे का सफल इलाज किया गया। डॉ. खरे एवं उनकी टीम ने अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर में यह सर्जरी सफलता पूर्वक पूरी की। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और अब वह सामान्य जीवन में लौट चुका है।

## छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने शुरू किया हेलमेट वितरण अभियान



रायपुर। सड़क सुरक्षा के प्रति सजगता दर्शाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने कर्मचारियों के लिए हेलमेट वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस पहल का शुभारंभ बैंक के अध्यक्ष ने कॉर्पोरेट कार्यालय, नवा रायपुर में किया, जहां उन्होंने स्वयं कर्मचारियों को हेलमेट वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष महोदय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हेलमेट केवल एक सुरक्षा उपकरण नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का साधन है। इसका नियमित उपयोग हर दोपहिया चालक की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को यातायात नियमों के पालन का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। बैंक प्रबंधन ने बताया कि यह अभियान चरणबद्ध तरीके से राज्य की सभी शाखाओं और कार्यालयों में संचालित किया जाएगा, ताकि प्रत्येक सेवायुक्त को यह सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया जा सके।

- कर्मचारियों की सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता को लेकर उठाया सराहनीय कदम

## मैट्स विश्वविद्यालय में 'स्वयं' पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला हुई



रायपुर। मैट्स विश्वविद्यालय, रायपुर में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण कार्यक्रम (एनपीटीईएल) के सहयोग से 'स्वयं' पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षा संस्थानों में स्वयं के ऑनलाइन पाठ्यक्रमों को एकीकृत करते हुए छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण, सुलभ और क्रेडिट-संचालित शिक्षा को बढ़ावा देना था। कार्यशाला का विषय 'स्वयं के साथ विकल्प-आधारित, क्रेडिट-संचालित शिक्षा को सशक्त बनाना' था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सरकार के उच्च शिक्षा सचिव डॉ. एस. भारतीदासन ने 'स्वयं' की भूमिका को शिक्षा नीति 2020 के सिद्धांतों - पहुँच, समानता और गुणवत्ता - के संदर्भ में रेखांकित किया। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) के.पी. यादव ने उद्घाटन सत्र में 'स्वयं' को शिक्षा को लोकतांत्रिक और लचीला बनाने वाला मंच बताया।

# रविवि की दो परीक्षाओं में शामिल हुए थे सिर्फ दो छात्र, ये भी फेल, बीएससी बीएड का भी डिब्बा गुल

- रविवि ने जारी किए बीएएलएलबी, एलएलएम सहित 11 कक्षाओं के परिणाम
- एमफार्मा तृतीय सेमेस्टर में सभी 10 छात्र उत्तीर्ण, प्रथम सेमेस्टर में 95 प्रतिशत सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बुधवार को 11 विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। खास बात यह रही कि इनमें से दो विषयों की परीक्षाओं में मात्र 2-2 विद्यार्थी ही शामिल हुए थे। ये भी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सके। रविवि को अब नियमतः इन विद्यार्थियों के उत्तीर्ण होने तक परीक्षाओं का आयोजन करना होगा। एमसीए पांचवें सेमेस्टर और बीसीएस दसवें सेमेस्टर का यह मामला है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षाएं केवल दो विद्यार्थियों के लिए रविवि द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें भी छात्र उत्तीर्ण नहीं हो सके।

गौरतलब है कि कम संख्या में छात्रों के लिए परीक्षा आयोजित कराए जाने की स्थिति में विवि प्रबंधन को नुकसान उठाना पड़ता है। छात्रों से प्राप्त फीस की राशि से कई गुना अधिक खर्च प्रश्नपत्र तैयार करने, पर्यवेक्षकों की नियुक्ति करने, मूल्यांकन कार्य सहित अन्य प्रक्रिया पर खर्च हो जाते हैं। यह पहला मामला नहीं है। प्रतिवर्ष लगभग दर्जनभर कक्षाओं में इस तरह की स्थिति निर्मित होते रहती है।

## बीकॉम बीएड में 82.5% उत्तीर्ण




बीएससी बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 50 छात्रों में से 26 ही उत्तीर्ण हो सके हैं। 24 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया। परिणाम 52 प्रतिशत रहे। इसके अलावा बीकॉम बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 40 में से 33 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। एलएलएम प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 182 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 153 को उत्तीर्ण घोषित किया गया है, जबकि शेष 29 को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। परिणाम 84.07 प्रतिशत रहे हैं। इसी तरह बीएएलएलबी भाग-3 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 164 छात्रों में से 129 उत्तीर्ण रहे हैं। एटीकेटी श्रेणी में 33 छात्रों को रखा गया है, जबकि 2 के परिणाम विविध कारणों से रोके गए हैं। परिणाम 78.66 प्रतिशत रहे हैं।

## एमएड की मेरिट लिस्ट जारी

विवि द्वारा एमएड की लिस्ट जारी कर दी गई है। टॉप-10 सूची में 11 छात्रों ने जगह बनाई है। मेरिट लिस्ट में शासकीय महाविद्यालयों का दबदबा है। सूची में जगह बनाने वाले 8 विद्यार्थी बीएड कॉलेज शंकर नगर के हैं, जबकि शेष 3 छात्र प्रगति महाविद्यालय के हैं। सूची रविवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। किसी तरह की त्रुटि होने पर छात्र अथवा महाविद्यालय 15 दिनों के भीतर विवि को अवगत कराते हुए दावा पेश कर सकेंगे।

## महादेव घाट पर कब्जा होगा आंदोलन



रायपुर। महादेव घाट के नाविक और मंदिरों के पुजारियों ने छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के साथ बैठक कर निर्णय लिया है कि घाट में केवल छत्तीसगढ़िया संस्कृति के अनुसार पूजा पाठ कर्म कांड का कार्य होगा। हटकेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य महंत ने बताया कि उनके पूर्वज पिछली दस पीढ़ियों से मंदिर में सेवा दे रहे हैं। खारून महतारी का आरती वे और उसके पूर्वज वर्षों से करते आ रहे हैं लेकिन बाहर से कुछ लोग घाट पर स्थाई पाटा लगा लिए हैं जिसके कारण घाट में मरनी, दशगात्र, झालर मुंडन आदि कर्म कांड करने जगह नहीं है। छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने प्रशासन से घाट में हो रहे अवैध कब्जे को लेकर कहा कि घाट में महिलायें स्नान ध्यान करती हैं लेकिन उक्त पर प्रान्ति पुजारियों ने सीसीटीवी कैमरा लगा रखा है जो कि अत्यंत आपत्ति जनक है इस पर तत्काल कानूनी कार्यवाही किया जाए।






02

घर संभालने के साथ समय बचाकर ...

## जॉब अलर्ट

### नगर सैनिक की भर्ती के लिए आवेदन 30 मई तक



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) द्वारा नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ के अंतर्गत महिला एवं पुरुष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी व्यापम के वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ पर 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं। व्यापम द्वारा इस परीक्षा के लिए17 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई तक निर्धारित की गई है। परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून है। परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर को बनाया गया है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाइट https://vyapamcg.cgstate.gov.in/ का अवलोकन कर सकते हैं।

### बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति में 'सपोर्ट पर्सन' के पदों पर भर्ती

कोरिया जिले में बच्चों के संरक्षण और उनके कल्याण के कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति में 'सपोर्ट पर्सन' के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह प्रक्रिया राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाइडलाइन के तहत की जा रही है। जिला बाल संरक्षण इकाई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूर्व में 22 नवम्बर 2024 को जारी किए गए विज्ञापन के जवाब में अपेक्षित संख्या में आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे, जिसके कारण यह पुनः विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। आवेदन 5 मई तक जिला कार्यक्रम अधिकारी या जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग के पास निर्धारित आवेदन प्रारूप में जिले में सपोर्ट पर्सन के रूप में इम्पैनल्ड होने की इच्छुक संस्थाएं या व्यक्ति निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए जिले की आधिकारिक वेबसाइट **https://korea.gov.in/** और महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में सूचना पटल देखा जा सकता है।

### मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी होगी 4 मई को

भारत सरकार के राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिले में तैयारी पूरी कर ली गई है। 4 मई को परीक्षा आयोजित की जाएगी। किसी भी तरह का बदलाव होने पर एनटीए के एक्स अकाउंट और ऑफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर सूचना दी जाएगी।

## सिटी इवेंट

### आईटीएम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने किया हरिभूमि व आईएनएच कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण



**रायपुर।** आईटीएम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने पचपेड़ी नाका स्थित हरिभूमि व आईएनएच कार्यालय का शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरान छात्रों को मीडिया ऑपरेशंस, प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी और पत्रकारिता की बारीकियों से रूबरू कराया गया। साथ ही उनको अखबार की छपाई की प्रक्रिया, समाचार संकलन, संपादन और डिजिटलीकरण के आधुनिक पहलुओं की जानकारी भी दी गई। छात्रों के साथ असिस्टेंट प्रोफेसर अजय बघेल और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट डिपार्टमेंट से मनु मिश्रा मौजूद रहे।

### विचार गोष्ठी में संविधान निर्माण में योगदान पर हुई चर्चा



**रायपुर।** मेडिकल कॉलेज में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में सम्मान सभा एवं विचार गोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को याद किया। इस गरिमामयी आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री निषिथ प्रमाणिक, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, इन्द्र कुमार साहू, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर और पूर्व विधायक नवीन मार्कण्डेय सहित भाजपा के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान, सामाजिक सुधार और शिक्षा के प्रति उनके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। सभा में मौजूद सभी अतिथियों ने बाबा साहेब के सिद्धांतों को समाज में आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया

---

गर्मी से बचने बाजार में सीआर लेंस की मांग, आंख पूरी तरह से ढकी रहे इसलिए चौड़े फ्रेम पहली पसंद

# भीषण गर्मी से राहत पाने घरों की छत पर चढ़ा रहे 'सफेद कवच', तापमान में 7 डिग्री तक की कमी

शहर में लगातार बढ़ती गर्मी से राहत पाने के लिए लोग अब पारंपरिक उपायों की ओर रुख कर रहे हैं। घरों की छत पर सफेद पेंट किया जा रहा है, जो गर्मी को मात देने में कारगर साबित हो रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो सफेद या परावर्तक पेंट सूर्य की किरणों को वापस लौटाता है, जिससे छत पर कम गर्मी जमा होती है। इस तकनीक के जरिए छत का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तक और घर के अंदर का तापमान 3 से 7 डिग्री तक कम किया जा सकता है।



**रायपुर।** गर्म हवाओं और लू से जूझ रहे शहरवासियों के लिए यह उपाय बड़ी राहत लेकर आया है। इसके साथ ही लोग बाजार से रेडीमेड बड़े पेंट भी खरीद रहे हैं, जिन्हें आसानी से छतों पर लगाया जा सकता है। न सिर्फ कम लागत में, बल्कि बिना किसी तकनीकी जटिलता के यह उपाय घर को ठंडा रखने में बेहद असरदार साबित हो रहा है। पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि बड़े पैमाने पर यह पहल अपनाई जाए, तो यह शहरी ताप द्वीप प्रभाव को भी कम कर सकता है।



### पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की

गर्मी में तेज धूप से आंखों को बचाने के लिए बाजार में ब्रांडेड के साथ-साथ अब डिजिटल चश्मे की मांग बढ़ गई है। धूप और धूल से होने वाली एलर्जी से बचने के लिए बड़े शो रूम में रोजाना 100 से अधिक लोग चश्मे खरीदने लोग पहुंच रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित एक दुकान के संचालक विकास पंजवानी ने बताया, ज्यादातर युवा वर्ग स्टाइलिश रंगीन चश्मे खरीद रहे हैं। गर्मी में सर्वाधिक मांग पोलेराइड व सीआर लेंस चश्मों की है। युवतियां बी-टू ग्लास, फोटो लेंस के साथ डिजाइनर चश्मे खरीद रही हैं। इसके अलावा बिना ब्रांड के चौड़े फ्रेम में कंट्रास्ट वाले चश्मों को भी पसंद किया जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि अब चश्मा पहनना शौक के साथ लोगों की मजबूरी भी बन गई है, इसलिए अप्रैल में बिक्री बढ़ी है।



### चिकित्सक भी दे रहे हैं सलाह

तेज धूप से आंखों में जलन व खुजली के साथ लालिमा आने की समस्या लोगों में बढ़ रही है। डॉक्टर भी चश्मा पहनने की सलाह दे रहे हैं। बाजार में यूवी ग्लास, सूर्य की किरण से आंखों को बचाने वाले ग्लास, ड्राइविंग करते समय पहने जाने वाले चश्मे भी उपलब्ध हैं। डॉ. श्वेता चावड़ा का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय अच्छी क्वालिटी के चश्मे का प्रयोग करें। चश्मे इस तरह के हो, जो आंखों को पूरी तरह से ढक सकें। तेज गर्म हवा आंखों में पड़ने से एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है।





### ब्लूटूथ की सुविधा, कर सकते हैं बात

महानगरों में इन दिनों डिजिटल चश्मा पहना जा रहा है। ट्रेंड के अनुसार रायपुर में भी डिजिटल चश्मे की मांग देखी जा रही है। शो रूम में यह चश्मा 6 हजार में उपलब्ध है, जिसमें धूप के अनुसार तीन अलग-अलग प्रकार से फ्रेम को सेट किया जा सकता है। इसमें ब्लूटूथ की सुविधा है, जिसकी मदद से कॉल में बात किया जा सकता है। क्रोमा शोरूम के मयंक शर्मा ने बताया कि ब्रांडेड चश्मे में ब्लूटूथ वाले चश्मे की बिक्री अधिक है। स्टाइलिश होने से युवा वर्ग इसे पसंद कर रहे हैं। धूप में बाहर निकलने के अपने समय के अनुसार लोग चश्मे के रंग चुन रहे हैं।

---

# समर कैंप में बच्चे सीख रहे फायरलेस कुकिंग

**रायपुर।** आज हम संयुक्त के बजाय एकल परिवार में रह रहे हैं। ऐसे में अगर मम्मी किसी काम से घर से बाहर गई हैं, तो बच्चे जंक फूड या चिप्स के पैकेट के भरोसे रह जाते हैं। अब वे जंक फूड के भरोसे नहीं रहेंगे, बल्कि स्वयं अपने लिए सुपाच्य नाश्ता या भोजन बनाने के लिए तैयार रहेंगे। असल में महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में जारी समर कैंप में बच्चे फायरलेस कुकिंग सीख रहे हैं। फायरलेस कुकिंग सीख रही अनुषा, गार्गी, गीत, जसराज और व्योम ने कहा कि अब मम्मी के घर पर नहीं होने पर हमें भूखे नहीं रहना होगा। क्योंकि, अब हम पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने लिए कुछ न कुछ स्वादिष्ट बना ही लेंगे। शिक्षिका आराधना लाल ने बताया कि हमने फायरलेस कुकिंग के अंतर्गत आज बच्चों को भेल बनाना सिखाया। तीसरे, चौथी और पांचवीं के बच्चों ने खुद से उबले हुए आलू को मेस किया, प्याज काटा, धनिया काटा, नींबू निचोड़ा, नमक मिलाया। टमाटर भी बच्चों ने खुद ही काटा। हमारा उद्देश्य यही है कि घर पर मम्मियों की अनुपस्थिति में बच्चे घर पर हेल्दी डाइट बना लें। जंक फूड स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद नहीं होगा।



### उत्साहित नजर आए बच्चे

*आराधना लाल के अनुसार आर्ट एडं क्राफ्ट क्लास में बच्चे आकर्षक झूमर बनाना सीख रहे हैं। कक्षा दूसरी की दिव्यांशी साहू स्केल से लाइन ड्रा करके पेपर की शानदार स्लाइट कटिंग करने में जुटी रहीं। लैंप बनाकर दिव्यांशी काफी खुश नजर आईं। वहीं, कक्षा चौथी की भावना चेलक भी हैंगिंग लैंप बनाने को लेकर काफी उत्साहित नजर आई। इससे पहले समर कैंप की शुरुआत योग और प्राणायाम के साथ की गई। कैंप में शामिल सभी बच्चों ने पहले योग किया। योग शिक्षिका ज्योति साहू ने बच्चों से प्राणायाम कराया। इसके बाद सभी बच्चे अपनी- अपनी क्लास के अनुसार विभिन्न कक्षाओं में चले गए।*



# नन्हें बच्चों ने ड्राइंग पेंटिंग से धरती में हरियाली बढ़ाने दिया संदेश

**रायपुर।** महर्षि दयानंद आर्य विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। धरतीमाता करे पुकार, हरा भरा कर दो संसार, धरती का जीवन है अनमोल, इसको हमें बचाना है, यह संकल्प निभाना है इन नारों के साथ विद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। विद्यालय की प्राचार्या अंजू ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को बचाना स्वयं को बचाना है। विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। प्लास्टिक बोतल से प्लांटर बनाकर बच्चों ने पौधरोपण भी किया। पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम में सीमा कठाले, शकुंतला, अंजू गुप्ता, शुभ्रा, सुमन, शशि, ऋतुपर्ण मौजूद थे।

---

साइंस सेंटर में शुरू हुआ रोबोटिक्स समर कैंप, हुई ज्ञान, विज्ञान और भविष्य की बातें

# साइंस सेंटर में चला इनोवेशन का पाठ, बच्चों ने जाना कॉपीराइट और रोबोटिक्स का विज्ञान

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन महानिदेशक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कॉपीराइट एक्ट और इसके नियमों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष वक्ता के रूप में आमंत्रित वरिष्ठ वैज्ञानिक 'डी' डॉ. अमित दुबे (छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद) ने बौद्धिक संपदा अधिकार जैसे कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और पेटेंट की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों और उपस्थित प्रतिभागियों को नवाचार, आविष्कार और रचनात्मक सोच के महत्व को बताया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ रीजनल साइंस सेंटर के प्रभारी परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह और डॉ. प्रदीप सिंह, वरिष्ठ सदस्य – इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियर्स (यूएसए), एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग, एनआईटी रायपुर की विशेष उपस्थिति रही।



### समर साइंस कैंप हुआ शुरू

*इस खास मौके पर चार दिवसीय समर साइंस कैंप 'रोबोटिक्स देसी ' का उद्घाटन भी किया गया, जो राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के तकनीकी सहयोग से संचालित हो रहा है। शिविर में तकनीकी विशेषज्ञ के रूप में डॉ. प्रदीप सिंह मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। अपने संबोधन में डॉ. शिरीष कुमार सिंह ने कॉपीराइट और विश्व पुस्तक दिवस के महत्व पर विस्तार से बात करते हुए कहा कि बौद्धिक संपदा के संरक्षण से शिक्षण और वैज्ञानिक अनुसंधान में क्रांतिकारी बदलाव संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि विज्ञान की प्रगति में कॉपीराइट नीतियां एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।*

### समाज की भावना पर चर्चा

*परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में कापीराइट एवं विश्व पुस्तक के प्रमुख उद्देश्य एवं समाज की भावना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि शिक्षण की क्षमता बढ़ाने एवं विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में प्रशिक्षण से उत्पन्न प्रगति को पूर्णतः प्रगतिशील बनाने में कापीराइट एक महत्वपूर्ण सूचना तथा संयोजन तकनीक है। कार्यक्रम में छात्रों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिसमें लगभग 300 छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता में परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्रीमती प्रज्ञा कदम, वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी ने समन्वय की जिम्मेदारी को कुशलता से निभाते हुए इस दिन को सभी छात्रों के लिए रोचक और प्रभावशाली बनाया।*

समाज लाइव

## इंटर्नशिप में छात्राओं ने सीखे पत्रकारिता के गुर, लेखन व एंकरिंग भी समझा



रायपुर। पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय के पत्रकारिता विभाग में आयोजित सात दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम में डॉ. राधाबाई कन्या महाविद्यालय की एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने भाग लिया। इस इंटर्नशिप के दौरान छात्राओं को समाचार लेखन, एंकरिंग, वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी और कैमरा तकनीक जैसे पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं की व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यशालाओं के माध्यम से अभिषेक ने कैमरा तकनीक और सौरभ चौधरी ने वीडियोग्राफी में मार्गदर्शन प्रदान किया। फोटोग्राफी की प्रैक्टिकल कक्षाएं भी आयोजित की गईं। इंटर्नशिप के अंतिम दिन प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

### कौशलों का उपयोग अपने जीवन में करें

इस अवसर पर अग्रसेन महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ. वी.के. अग्रवाल ने कहा कि पत्रकारिता व्यक्ति को स्वतंत्र रूप से विचार व्यक्त करने की आजादी देती है और सोच की नई दिशा प्रदान करती है। महाविद्यालय के एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. अमित अग्रवाल ने पत्रकारिता की व्यापक पहुंच और समाज में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत ने छात्रों से आग्रह किया कि वे इंटर्नशिप में सीखे गए कौशलों का उपयोग अपने जीवन में करें।कार्यक्रम में पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा दुबे, प्राध्यापक हेमंत सहगल, सहायक शिक्षक ऋतुलता तारक और हृषिका सोनी, डॉ. श्वेता बोहरा तथा डॉ. आस्था मिश्रा भी उपस्थित रहीं।

ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं ग्रुप बनाकर बच्चों को दे रही स्वरोजगार का प्रशिक्षण

# घर संभालने के साथ समय बचाकर ग्रामीण महिलाएं बन रहीं आत्मनिर्भर, कमा रहीं 5 से 10 हजार महीना

‘घर का दायित्व निभाने के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली पंचायती राज से जुड़ी कम पढ़ी-लिखी महिलाएं अब आत्मनिर्भर बनने के लिए जतन करने लगी हैं। इसके लिए पहले प्रशिक्षण में सीखने के बाद ग्रुप बनाकर खुद का काम भी शुरू किया है। अब हर महीने पांच से 10 हजार रुपए कमा रही हैं। ऐसे में गांव व परिवार को खुशहाली देने वाली महिलाओं की पहल को जानना लाजिमी हो जाता है।’

रायपुर। ऐसा कोई काम नहीं जो महिलाएं नहीं कर सकती हैं। हर काम में महिलाएं बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं। इस वजह से छत्तीसगढ़ में महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए चौतरफा प्रयास किया जा रहा है। राज्य के गौठानों में आर्थिक क्रिया-कलाप से महिलाओं को जोड़ा जा रहा है। महिलाएं सेनेटरी पैड बना रही हैं। इससे महिला समूह से जुड़ी मेंबर्स को हर महीने 5 से 10 हजार की आमदनी मिल रही है। समूह की महिलाएं आस-पास के गांवों में जाकर महिलाओं को शारीरिक स्वच्छता सेनेटरी पैड उपयोग की समझाइश भी दे रही हैं। जशपुर जिले के पत्थलगांव के ग्राम कुमेकेला में मां दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रशिक्षण लेने के बाद सेनेटरी पैड बनाने का काम शुरू किया है। इस काम के लिए पंचायत क्षेत्र में 26 समूह तैयार किया है। इससे तीन सौ ज्यादा महिलाएं जुड़ी हैं।





- लोन लेकर महिलाएं काम कर रहीं

*सेनेटरी पैड की जानकारी देने के साथ ही 2017 से जय गंगा मैया ग्रुप से जुड़ी 15 महिलाओं के साथ पत्थलगांव सहित नेवनारा, कुर्रा, भिभौरी, कुरा क्षेत्र में 4 हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया है। इनमें से 10 से ज्यादा महिलाओं ने ग्रुप बनाकर एक- दूसरे को प्रशिक्षित करने के साथ उन्हें स्व-रोजगार से जोड़ा है। इससे होने वाली कमाई से उनके पारिवारिक जीवन में आर्थिक समृद्धि आने से वे काम को आगे बढ़ाने के लिए लोन लेकर काम करने लगी हैं। इससे आमदनी में इजाफा भी हो रहा है। 300 सौ से ज्यादा ग्रामीण महिलाएं 5 से 10 हजार रुपए महीना काम रही हैं।*

### खुद बना रही हैं कम्पोस्ट खाद

ग्रामीण क्षेत्र की घरेलू महिलाओं के जीवन में खुशहाली लाने के लिए 4 साल पहले शकुंतला फाउंडेशन की स्मिता सिंह ने काम शुरू किया। उन्होंने बताया कि अभी तक सांकरा, पहांदा, अमलेश्वर क्षेत्र में दो हजार से ज्यादा महिलाएं गोबर के प्रोडक्ट जैसे दीए, लक्ष्मी के पैर बनाने बनाने का काम कर रही हैं। वहीं, कम्पोस्ट खाद बनाने का काम 60 महिलाओं ने शुरू किया है। कई महिलाएं घर का काम पूरा करने के बाद खाली समय में चावल पैकिंग, अगरबत्ती, फिनाइल जैसे प्रोडक्ट बनाकर बेच रही हैं। इससे उन्हें कमाई के साथ घर बैठे काम भी मिल रहा है। इससे वे पंचायती राज में मिलने वाले लाभ से जुड़ी हैं।





### आर्ट एंड क्राफ्ट टेराकोटा से

ऑल इंडिया लिनेस क्लब से जुड़ी जानकी गुप्ता 12 साल पहले से ग्रामीण क्षेत्र के स्कूली बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट के साथ ही टेराकोटा से विभिन्न कृतियां बनाना सिखा रही हैं। इसे देखकर ग्रामीण महिलाओं को भी इससे जोड़ने का प्रयास किया। धमतरी, मुजगहन, गुंडरदेही, बालोद क्षेत्र की घरेलू महिलाओं को भी सशक्त बनाने के लिए काम करते हैं। तीन हजार से ज्यादा महिलाएं है, जो अलग-अलग ग्रुप से जुड़कर घर-आफिस सजाने का सामान बनाकर बेच रही हैं। इनके प्रोडक्ट को बेचने के लिए शासन की योजना से बाजार में स्टाल लगाने के लिए भी अवसर मिलता है।

सिटी लाइव

## गंगा दशहरा पर ‘रन फॉर सनातन’ संस्कृति को बचाने के लिए दौड़ेंगे लोग



रायपुर। सनातन संस्कृति की जागृति का श्रीगणेश ‘रन फार सनातन’ गंगा दशहरा के अवसर पर पहली बार किया जाएगा। इसे एक संस्कृति जागरण अभियान के रूप में शुरू किया जाएगा। इससे आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण होगा। यह आयोजन सनातन संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं जागरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। इसका आगाज छत्तीगढ़ के हर गांव, शहर, कस्बे सहित जिले में भी गंगा दशहरा एवं विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर 5 मई को किया जाएगा। राजीव लोचन महाराज ने बुधवार को यह जानकारी पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि तय तिथि पर सुबह साढ़े 6 बजे यह दौड़ पूरे प्रदेश में एक साथ-एक समय में शुरू होगी। इसे अभियान का रूप देने के लिए हर जिले का भ्रमण करके जिम्मेदारी तय की जा रही है।

### कदमों के साथ विचारों की दौड़

महंत सुरेंद्र दास, डॉ. सौरभ निर्वाणी और रीतेश चंद्रवंशी ने बताया कि यह आयोजन केवल एक दौड़ नहीं , बल्कि यह एक आध्यात्मिक यात्रा है। डॉ. सौरभ ने कहा कि यह निर्वाणी सनातन संस्कृति, पर्यावरण जागरुकता और सामाजिक चेतना का संगम है। यह युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने और समग्र राष्ट्र को एकात्मता की भावना से भरने का प्रयास है। ‘रन फॉर सनातन’ को केवल कदमों की नहीं, बल्कि विचारों की दौड़ बनाने का प्रयास किया जाएगा। इसकी वृहद रूपरेखा बनाने के लिए लगातार अलग-अलग क्षेत्र में बैठक की जा रही है।

## फूलों से सजा गर्भगृह, अष्टम महोत्सव में लहराई अमर ध्वजा, सत्तर भेदी पूजा में उमड़ी भीड़

**सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी दादाबाड़ी महोत्सव में शामिल होने का संकल्प लेकर पहुंचे लोग**

रायपुर। भैरव सोसाइटी और इसके आसपास रहने वाले जैन समुदाय में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। ध्वजारोहण महोत्सव में शामिल होने का पवित्र संकल्प लिए श्रावक-श्राविकाओं और भक्तों का आना-जाना सुबह से ही शुरू हो गया था। वहीं, मंदिर परिसर, सभा मंडप और भगवान के गर्भगृह को सुगंधित फूलों से सजाया गया था। तय मुहूर्त में सुबह 9 बजे ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य शुरू हुआ। भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वरजी म. सा . के शुभ आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर आध्यात्म योगी महेन्द्र सागर एवं उपाध्याय मनीष सागर के सुशिष्य ऋजुप्रज्ञसागर और प्रसम सागर के सानिध्य में महोत्सव शुरू हुआ। इसमें सुप्रसिद्ध विधिकारक विमल गोलछा ने ध्वजारोहण निमिते सत्तर भेदी पूजा का आगाज किया।

### ध्वजा पूजा में रही मंत्रोच्चार की गूंज

पवित्र संकल्प के साथ मंत्रोच्चार करते हुए सबसे पहले छेत्रपाल देवता को पूजा में शामिल होने आव्हान करते हुए नारियल, पान पत्ता, फल, नैवेद्य समर्पित किया गया। इसके बाद प्रारम्भ हुई 17 विधान से ध्वजा की पूजा प्रत्येक विधान में मंत्रोच्चारण के साथ अक्षत के स्वास्तिक में नारियल, फल, फूल व मिठाई को समर्पित किया गया। ध्वजा के लाभार्थी परिवारों ने नवमें ध्वजा की पूजा के विधान में अष्ट प्रकारी पूजा की। कायमी ध्वजा के लिए क्रमशः सीमंधर स्वामी -मूलचंद संतोष सरला बैद तो दादागुरु जिनकुशल सूरी - तिलोकचंद शांतिलाल अशोक बरडिया परिवार लाभार्थी रहा।





### 51 फीट ऊंचे शिखर पर फहराई ध्वजा

इसके बाद दादा जिनदत्त सूरी- पुष्पा देवी मनोज कविता कोठारी और मणिधारी दादा जिनचंद सूरी की ध्वजा महेन्द्र मीना, तरुण सुषमा, मानस, गौरव प्रेरणा, दिया, कल्प, गर्वित कोचर शांतिलाल अंजू कोठारी परिवार ने मुनिभगवंत से ध्वजा फहराने का आदेश प्राप्त किया। आशीर्वाद स्वरूप वासक्षेप पूजन किया और ध्वजा को सिर पर रखकर प्रभु व दादा गुरुदेव की 3 फेरी के साथ सीमंधर स्वामी की ध्वजा के लाभार्थी संतोष सरला बैद परिवार ने 51 फीट ऊंचे शिखर पर मंगल ध्वनि से ध्वजा चढ़ाई।

हार्ट अटेक के मामले तेजी से बढ़ रहे

## मरीज की जान बचाने सही तरीके से सीपीआर का उपयोग जानना आवश्यक

रायपुर। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। सभागार में आयोजित इस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्देश्य निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अप्रत्याशित रूप से आए आपदा के समय प्रारंभिक बचाव था। विशेषज्ञों ने बताया कि कोई भी समस्या बताकर नहीं आती, लेकिन सतर्कता एवं जानकारी रहने से बहुत कुछ कंट्रोल किया जा सकता है। समस्याएं कुछ प्राकृतिक होती हैं, जैसे बाढ़, भूकंप, सुनामी, बिजली चमकना एवं मानव निर्मित समस्या जैसे आगजनी, दुर्घटना, हार्टटेक, पानी में डूबना, लू लगना शामिल है। प्रशिक्षण में बताया गया कि अगर किसी को हृदय घात के लक्षण दिखे तो सीपीआर कैसे देना चाहिए, उन्हें सर्वप्रथम देखना चाहिए कि गले के नीचे सांस चल रही है कि नहीं।



### चोट लगे तो सबसे पहले खून रोकने के उपाय करें

एक्सपर्ट ने बताया कि यदि दुर्घटना हो जाए तो कहीं से खून बह रहा है, तो उसे साफ कपड़े से डेटाल, साबुन जो भी उपलब्ध हो उससे अंदर से बाहर के तरफ साफ करके कपड़े से दबा देना चाहिए। इससे भी न रुके तो और कपड़ा लगाकर पटटी बांध देना चाहिए। यदि बिजली गिरने की संभावना है तो यह प्रयास करना चाहिए कि पानी, पेड़, विघुत उपकरण, मोबाइल, टीवी इत्यादि से दूर रहना चाहिए। घर सबसे सुरक्षित स्थल है, अपने आप को संकुचित करके बचा लेना चाहिए। पूरा प्रयास हो कि शरीर से जमीन का अर्थिगं न मिले। संयोग से यदि कार में बैठे हो तो उसके अंदर ही रहना चाहिए, बाहर नहीं निकलना चाहिए। यदि नहीं चल रही तो उसे मुंह से सांस देने की प्रक्रिया, किस प्रकार से इंसान को लेटाकर छाती के नीचे हाथों से 30-30 बार दबाना चाहिए। इस प्रकार कुल 5 बार दबाना चाहिए। इससे व्यक्ति को होश आने की संभावना बढ़ जाती है। इसके बाद उसे तुरंत डॉक्टर को बुलाना चाहिए। प्रारंभिक उपचार कर देने से जीवन बचने की संभावना बढ़ जाती है। डेमोस्ट्रेशन के जरिए लोगों को आपदा से निपटने के उपाय बताए गए।

## अयोध्या राम मंदिर थीम पर बनेगा भव्य पंडाल, शोलापुरी माता पूजा की तैयारी

**डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में 02 से 11 मई के बीच होगा, धूमधाम से मनेगा पूजा महोत्सव**

रायपुर। इस बार डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में श्री श्री श्री शोलापुरी माता पूजा समिति ने महोत्सव को सजाने के लिए तैयारी शुरू की है। पारंपरिक पूजा उत्सव की श्रृंखला में इस बार हर दिन माता के अलग-अलग स्वरूप का दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों को माताजी अलग तरह की साज-सज्जा के बीच दर्शन देंगी। इसके लिए कोलकाता से आए 20 से कारीगर अब अयोध्या राम मंदिर थीम पर पंडाल को आकार देंगे। इसके साथ ही दर्शन के लिए आने वाले बच्चों के लिए पंडाल के पास ही अलग-अलग स्टाल होंगे। इसको लेकर एम. वेंकट रमना, एल.वेंकटेश्वर राव को साथ लेकर अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव तैयारी में जुटे हैं।



### मंदिर की तरह सजेगा दरबार

इस बार शोलापुरी माता का दर्शन करने के लिए आने वाले लोगों को पंडाल में प्रवेश से पहले ही अयोध्या में होने का एहसास मिलेगा। इसके लिए समिति ने कोलकाता के कारीगरों को खास तौर से पंडाल बनाने के लिए बुलाया है। इनकी टीम पंडाल को आकार देने के साथ ही विभिन्न तरह की लाइटिंग से इसे खास बनाने का प्रयास करेंगे।

### राटा संकल्प के बाद शोभायात्रा

उन्होंने बताया कि इस बार 30 अप्रैल को राटा संकल्प पूजा सुबह 8 बजे की जाएगी। इसके बाद 02 मई को माता जी का मंदिर से पूजा पंडाल आगमन होगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। पूजा की कड़ी में 08 मई को कुमकुम पूजा की जाएगी। इस परंपरा का निर्वहन सुबह 10 बजे किया जाएगा। इसके बाद 11 मई को महाभोग दोपहर 12 बजे लगाया जाएगा। इसके बाद शाम 07 बजे माता जी मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगी। इस अवसर पर लोग धूमधाम से इस विदाई समारोह का हिस्सा बनेंगे।



## हेल्थ टिप्स

### राजसिंह डुंगरपुर ट्रॉफी में सुजल ने लिए 4 विकेट



**रायपुर।** सेन्ट्रल जोन द्वारा राजसिंह डुंगरपुर अंडर-14 ट्रॉफी 2023 का आयोजन 20 जनवरी से जारी है। इस आयोजन में सेन्ट्रल जोन की 6 टीमें छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश तथा विदर्भ हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ का दूसरा मैच (23-24 अप्रैल) को विदर्भ के विरुद्ध देहरादून में खेला गया। विदर्भ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 78.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 249 रन बनाये। विदर्भ की ओर से समर्थ नत्थानी ने 64 रन तथा रौनक हेडाउ ने 60 रन बनायें। छत्तीसगढ़ की ओर से सुजल देवांगन ने 4 विकेट तथा चंद्र प्रकाश ने 2 विकेट लिए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में 14 ओवरों में बिना किसी विकेट के नुकसान पर 30 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ के लिये युवराज यादव ने नाबाद 21 रन बनाये। पहले दिन की समाप्ति के बाद छत्तीसगढ़ 219 रनों से पीछे है।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर एक मई से



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ/मुख्यालय द्वारा इस वर्ष ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीन प्रमुख खेलों तीरंदाजी, मुक्केबाजी और क्रिकेट के लिए यह शिविर 1 मई से 15 जून तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ (सेक्रसा) के खेल परिसर में संचालित होगा। प्रशिक्षण की व्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों को उच्च गुणवत्ता का मार्गदर्शन प्राप्त हो सके। शिविर में भाग लेने के लिए रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के लिए तीरंदाजी और मुक्केबाजी दोनों खेलों के लिए शुल्क 300 निर्धारित किया गया है, जबकि क्रिकेट के लिए 1200 का शुल्क लिया जाएगा। वहीं, अन्य प्रतिभागियों के लिए तीरंदाजी और मुक्केबाजी का शुल्क 500 तथा क्रिकेट का शुल्क 2200 रखा गया है।

### जिला शतरंज चयन 26 से



**रायपुर।** जिला शतरंज संघ और चेस शाला के संयुक्त तत्वाधान में आयु वर्ग 9 और 13 बालक बालिका शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन 26 और 27 अप्रैल को रायपुर स्थित रिवर डेल वर्ल्ड स्कूल में किया जा रहा है। उक्त स्पर्धा में केवल रायपुर जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। जिला शतरंज संघ के सचिव नवीन शुक्ला ने बताया कि स्पर्धा में प्रत्येक आयु वर्ग के चयनित 2- 2 खिलाड़ी (2 बालक व 2 बालिका ) का चयन आगामी राज्य स्तरीय चयन स्पर्धा जो कि बेमेतरा में आयु वर्ग 9 15/16 मई व आयु वर्ग 13 के लिए 17 से 19 मई तक आयोजित है के लिए किया जाएगा। श्री शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता के संयोजक फीडे इंस्ट्रक्टर रोहित यादव है तथा मुख्य निर्णायक सीनियर नेशनल ऑर्बिटर अनूप झा रहेंगे। सहयोगी के रूप में हेमा नागेश्वर व प्राची यादव रहेंगी। स्पर्धा के लिए आयु वर्ग 9 में 1 जनवरी 2016 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते है। वहीं आयु वर्ग 13 में 1 जनवरी 2012 या उसके बाद जन्म लेने वाले खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता की जानकारी हेतु अनूप झा व रोहित यादव से संपर्क किया जा सकता है। स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 24 अप्रैल शाम 5 बजे तक है।

### राष्ट्रीय बधिर पुरुष क्रिकेट चैम्पियनशिप के लिए छत्तीसगढ़ टीम पहुंची हरियाणा



**रायपुर।** 8वी राष्ट्रीय बधिर पुरुष क्रिकेट चैम्पियनशिप 19 से 25 अप्रैल तक गुरुग्राम हरियाणा में आयोजित की जा रही है। छत्तीसगढ़ बधिर स्पोर्ट्स सोसाइटी के अध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियो की टीम भी भाग ले रही है। टीम में घनश्याम कैप्टन, मिलाप, अरविंद, प्रवीण, गोपाल, यादवेन्द्र बामन ओमकार, धोनी, झांक, प्रकाश, अजय, शालेन्द्र, गोपाल, आकाश एंव कोच निलेश सिंह कुशवाह को शामिल किया गया है।

## गर्मियों में रखें सेहत का अच्छी तरह ख्याल

# सूरज का पारा सातवें आसमान पर, भीषण गर्मी में अपनी दिनचर्या को बदलिए और रहें स्वस्थ

देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती गर्मी को लेकर भी लोगों को अलर्ट किया गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने से हीटस्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। इसके अलावा पहले से ही क्रोनिक बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, हार्ट की समस्या और डायबिटीज रोगियों के लिए गर्मी का ये मौसम कई तरह की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। डॉक्टर्स का सुझाव है कि गर्मी के दिनों में शरीर को हाइड्रेट और ठंडा बनाए रखने के लिए निरंतर उपाय करते रहना जरूरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इसके लिए सुझाव दिए हैं जिनका सभी को पालन करना चाहिए।



### 11 राज्यों में हीटवेव का बना हुआ है खतरा

रिपोर्ट के अनुसार देश के 11 राज्यों में हीटवेव का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा मध्यप्रदेश के 19 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। गर्मा और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्या करें-क्या नहीं? इसकी जानकारी साझा की है। भले ही आप स्वस्थ हों फिर भी निरंतर इन सुझावों का गंभीरता से पालन करते रहना चाहिए।

### गर्मी के कारण हो सकती है कई प्रकार की दिक्कतें



स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया गर्मी और हीटवेव के कारण त्वचा की दिक्कतें बढ़ने के साथ शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाने, उल्टी-दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी-ऐंठन की समस्या के साथ लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को गर्मी के कारण जटिलताएं बढ़ सकती हैं। गर्मी के दिनों में पाचन स्वास्थ्य की गड़बड़ी, दस्त की दिक्कतें और अधिक हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि आप पहले से ही सुरक्षात्मक उपाय करते रहें।

### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें-क्या नहीं?

गर्मी और इसके कारण होने वाली समस्याओं से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है इसके लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुझाव जारी किए हैं।

गर्मी से बचाव के लिए क्या करें?

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें। सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है। पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें। दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जानें से बचें।

### क्या न करें?

गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और



जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें। दोपहर के समय बाहर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें। शराब- कार्बोनेट ड्रिंक्स के सेवन से बचा जाना चाहिए। धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जाना चाहिए। बदलते मौसम के साथ लोगों को भी अपनी दिनचर्या में भी बदलाव लाना चाहिए. अब तेज गर्मी पड़ रही है. ऐसे में लोगों को घर से निकलते समय अपने आप का खास ध्यान रखना चाहिए।

### इस रंग के कपड़े पहनना फायदेमंद

लोगों को लाइट रंग के कपड़े पहने चाहिए जैसे सफेद , क्रीम, पीला, आसमानी व अन्य। रंग के अलावा ढीले ढाले कपड़े पहने, क्योंकि ज्यादा टाइट और काले कपड़ों से परेशानी बढ़ सकती है और पसीना के साथ लोगों को खाज खुजली की भी बीमारी हो सकती है।



## मॉर्निंग वॉक जरूर कीजिए, लेकिन इसका सही तरीका भी जानिए

अगर आप सुबह की सैर पर जाती हैं तो आपको यह जानना जरूरी है कि मॉर्निंग वॉक का सही तरीका क्या है? गलत तरीके से मॉर्निंग वॉक करना आपको बीमार बना सकता है। सुबह की सैर को आमतौर पर सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। इससे शरीर को लाभ होता है, क्योंकि मॉर्निंग वॉक आपकी मांसपेशियों को मजबूत करता है, हड्डियों को स्वस्थ रखता है, वजन नियंत्रित करता है और दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है। लेकिन यदि मॉर्निंग वॉक सही ढंग से न किया जाए तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक भी बन सकता है। उदाहरण के लिए, सुबह सैर पर जाने से पहले कुछ लोग नींद पूरी नहीं करते। ऐसे में थकान और चिड़चिड़ापन महसूस होता है। इससे सुबह की सैर के पूरे फायदे शरीर को नहीं मिल पाते। इसलिए सही तरीके से मॉर्निंग वॉक करना बहुत महत्वपूर्ण है।

### भारी खाना नहीं



सुबह की सैर पर निकलने से पहले ज्यादा भारी भोजन करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होता है, क्योंकि इससे पाचन समस्याएं हो सकती हैं। सुबह के वक्त हल्का और पोषणयुक्त भोजन करना बेहतर रहता है, जैसे कि फल, दही, दलिया या सेवइयां आदि। इससे आपको ऊर्जा मिलती है और आप सैर के लिए तैयार होती हैं।

### पानी जरूर पीएं

मॉर्निंग वॉक पर निकलने से पहले थोड़ा पानी पीना जरूरी है। शरीर में सैर के दौरान उचित हाइड्रेशन बनाए रखने के लिए ऐसा करना चाहिए। सुबह के समय वॉक के पहले पानी पीने से शरीर की ऊर्जा का स्तर बढ़ता है और आप अधिक सक्रिय रहती हैं। इसलिए मॉर्निंग वॉक पर निकलने से पहले पानी पीना बेहतर होता है।

### सही फुटवियर का चयन

मॉर्निंग वॉक के लिए सही फुटवियर का चयन बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए आप आरामदायक और फिटिंग वॉकिंग शूज को चुनें। यह सुनिश्चित करें कि आपके वॉकिंग शूज आरामदायक हैं और पैरों में ठीक तरह से फिट हो रहे हैं। सैर के दौरान अच्छी ग्रिप वाले शूज चुनें, जिससे आप फिसलने से बच सकें। इन सबके अलावा सही साइज भी जरूरी है। अपने पैरों के आकार के अनुसार सही साइज का फुटवियर चुनें, ताकि पैरों में किसी भी तरह की दिक्कत न हो।

### वार्मअप जरूरी

मॉर्निंग वॉक से पहले वार्म अप करना जरूरी है। वॉर्मअप करने से आपके शरीर की गर्मी बढ़ती है और मांसपेशियां वॉक के लिए तैयार होती हैं। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार यह जरूरी है कि आप वॉक से पहले 5-10 मिनट वॉर्मअप करें। यह आपके शरीर को तैयार करने और चोटों की आशंका को कम करने में मदद करता है। वॉक से पहले वॉर्मअप करना सुरक्षित और स्वस्थ सैर के लिए अच्छा माना जाता है।

## रोजाना पूजा करने वाले लोग न करें ये गलतियां, वरना नहीं मिलेगा पूर्ण फल

आमतौर पर कुछ लोग किसी भी समय पूजा कर लेते हैं। जिस कारण देवी-देवता नाराज हो जाते हैं और परिवार में परेशानियां आने लगती है। शास्त्रों में पूजा-पाठ से जुड़े कई नियम बताए गए हैं, जिनका पालन करना जरूरी होता है।



### सही समय पर करें पूजा

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा को सही समय पर ही करना चाहिए। ऐसा करने से पूजा सफल मानी जाती है। वहीं प्रतिदिन 5 बार पूजा करनी चाहिए। जिसमें से पहली पूजा ब्रह्म मुहूर्त सुबह 04:30 से 5:00 बजे तक, दूसरी पूजा सुबह 09 बजे तक, वहीं मध्याह्न पूजा दोपहर 12 बजे तक, संध्या पूजा शाम 04:30 से 6:00 बजे तक और शयन पूजा रात 9:00 बजे तक कर सकते हैं।

### इस समय न करें पूजा

शास्त्रों के अनुसार व्यक्ति को कभी भी दोपहर के समय पूजा नहीं करनी चाहिए। याद रखें कि दोपहर 12 बजे से लेकर 3 बजे तक पूजा न करें। इस समय पर पूजा करने से फल प्राप्त नहीं होता है।

### पूजा करने की सही विधि जानें

पूजा के समय हमेशा अपना मुख पूर्व या उत्तर दिशा की ओर रखें। ऐसी मान्यता है कि पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख रखकर पूजा करने से घर में खुशियां बनी रहती है। बरकत होती है। इस दौरान अपने दाहिने ओर घंटी, धूप, दीप, अगरबत्ती व पूजा सामग्री को रखें। इस बात का ध्यान रखें कि, बिना सिर ढके पूजा नहीं करनी चाहिए।

## गूंथे हुए आटे का कई दिन करना है इस्तेमाल, तो ऐसे रखें ताजा

आटा गूंथते समय उसमें थोड़ा तेल या घी जरूर डालें। ऐसा करने से रोटी अधिक समय तक सॉफ्ट बनी रहती है।



**आटे में गुनगुने पानी का करें इस्तेमाल_** आटे को गूंथते समय पानी का इस्तेमाल होता है लेकिन नॉर्मल पानी की बजाय आप गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। इससे आटा नरम होता है। इसके अलावा दूध की मदद से भी आटा गूंथा जा सकता है।

**गूंथा आटा स्टोर करने के टिप्स _** -ज्यादा आटा गूंथने पर अगर बच जाता है तो लोग उस फ्रिज में रख देते हैं लेकिन आटे को कभी भी फ्रिज में खुला नहीं रखें। आटे को एयर टाइट डिब्बे में भर कर रखें।

आटे को रखते समय उसपर ऊपर ये घी या तेल लगा दें, फिर एयरटाइट डिब्बे में भर कर फ्रिज में रखें। इसस वह खराब नहीं होता।

# जीवन भर निभा पाएंगे साथ, इस तरह करें सही जीवनसाथी की पहचान

सही जीवनसाथी का चयन करना एक बहुत महत्वपूर्ण निर्णय होता है, क्योंकि यह आपके जीवन के बहुत सारे पहलुओं को प्रभावित करता है। सही जीवनसाथी आपके साथ एक खुशहाल परिवार बनाता है, जिसमें दोनों के समान लक्ष्य होते हैं। वह आपके साथ सुख और दुख को साझा करता है, साथ ही आपके सपनों को साकार करने में सहयोग प्रदान करता है। हालांकि अगर जीवन भर का साथ निभाने वाला साथी ही गलत चुन लिया जाए तो जिंदगी समस्याओं में गुजरने लगती है। परिवार खुशहाली से ज्यादा परेशानी, दुखों, वाद-विवाद से घिरा रहता है। ऐसे में शादी के बाद एक खुशहाल जीवन के लिए अपने लिए सही और उपयुक्त जीवनसाथी का चयन करें।

### सिर्फ सूरत नहीं, सीरत को समझें

अक्सर लोग अपने पार्टनर का चयन करते वक्त उनकी सुंदरता पर ज्यादा ध्यान देते हैं। सिर्फ पार्टनर के लुक्स से उनका चयन न करें बल्कि व्यक्तित्व को समझकर उसके आधार पर तय करें कि क्या वह आपका जीवनसाथी बनने योग्य है। भले ही पार्टनर दिखने में आकर्षक और अच्छा हो लेकिन अगर उसके अंदर बुरी आदतें हैं तो जीवन भर उस से तालमेल बिठाना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए सूरत नहीं सीरत भी देखें।

### व्यवहार समझने की कोशिश

शादी का निर्णय लेते समय साथी के व्यवहार के बारे में जरूर जान लें। शादी से पहले उनके साथ वक्त बिताएं, ताकि आपको पता चल सके कि उनका व्यवहार कैसा है।



क्या वह शांत स्वभाव के हैं या अधिक बात करने वाले। किसी समस्या पर उनका क्या बर्ताव होता है और वह जीवन को लेकर कितने सकारात्मक हैं, ये सब जानकर ही तय करें कि क्या आप उनके साथ जीवन भर रह सकते हैं।

### विचार जानें

एक सही और अच्छे जीवनसाथी को चुनने के लिए जरूरी है कि आप दोनों में कुछ समानताएं भी हों। अधिकतर मामलों में व्यक्ति को अपने से अलग व्यक्तित्व का शख्स अधिक आकर्षित करता है लेकिन दोनों के बीच विचारों या समान लक्ष्यों का होना जरूरी है। पूरी तरह से विचार न भी मिलें लेकिन कुछ समानताएं या रुचि एक सी होनी चाहिए, ताकि जीवन भर वैचारिक मतभेद न हो।

### सम्मान भी जरूरी

जिस शख्स के साथ आपको पूरी जिंदगी बितानी है, उसके मन में आपके लिए सम्मान होना चाहिए, साथ ही उसके प्रति आपके मन में भी सम्मान की भावना होनी चाहिए। रिश्ते में सम्मान और भरोसा दोनों ही जरूरी हैं। इसलिए यह परख लें कि क्या साथी आपका सम्मान करता है।











## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# फिल्म के सेट पर जॉनी डेप के करीब आई थीं एम्बर, 15 महीने ही चल सकी शादी

हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। आइए उनके जन्मदिन पर उनसे जुड़ी कुछ खास बातें जानते हैं।



एम्बर लॉरा हर्ड ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत 2004 में स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'फ्राइडे नाइट लाइट्स' से की थी। इस फिल्म में उनकी छोटी सी भूमिका थी। इसके बाद उन्होंने 'नॉर्थ कंट्री' और 'अल्फा डॉग' जैसी फिल्मों में सहायक किरदार निभाए। उनको पहली मुख्य भूमिका 2006 की हॉरर फिल्म 'ऑल द बॉयज लव मैंडी लेन' में मिली। इस फिल्म में एम्बर के अभिनय ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खूब खींचा। इसके साथ ही वह टेलीविजन शो 'हिडन पाल्म्स' (2007) में भी नजर आईं, जिसने उन्हें युवा दर्शकों के बीच पहचान दिलाई।

एम्बर को असली पहचान 2008 में मिली, जब वह 'पाइनएप्पल एक्सप्रेस' और 'नेवर बैक डाउन' जैसी फिल्मों में नजर आईं। लेकिन उनकी सबसे बड़ी सफलता 2018 की सुपरहीरो फिल्म 'एक्वामैन' रही, जिसमें उन्होंने मेरी, अटलांटिस की रानी का किरदार निभाया। इस फिल्म ने दुनियाभर में एम्बर को पहचान दिलाई। इसके अलावा 'जस्टिस लीग' (2017) और 'एक्वामैन एंड द लॉस्ट किंगडम' (2023) में भी उनकी भूमिका को सराहा गया।

### टॉलीवुड

# कनगराज ने सोशल मीडिया से बनाई दूरी वजह के साथ किया वापसी का खुलासा

साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक लोकेश कनगराज इन दिनों अपनी महत्वाकांक्षी फिल्म 'कुली' को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। इस फिल्म में सुपरस्टार रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। लोकेश इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। 'कुली' की रिलीज की तारीख 14 अगस्त तय की गई है। इस बीच लोकेश ने अपने प्रशंसकों के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा है कि वह कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से ब्रेक ले रहे हैं।



लोकेश ने लिखा, ₹हैलो दोस्तों! मैं 'कुली' के प्रमोशन शुरू होने तक सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से थोड़ा ब्रेक ले रहा हूं। ढेर सारा प्यार, लोकेश कनगराज।₹ यह घोषणा उनके प्रशंसकों के लिए हैरान करने वाली थी। उनके इस फैसले पर लोग जमकर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ₹जल्द मुलाकात होगी भाई।₹ एक अन्य यूजर ने लिखा, ₹आपना ख्याल रखें। कुली का बेसब्री से इंतजार है।₹ इसके अलावा बहुत से फैंस उनके इस फैसले से दुखी नजर आए।

कुली की चर्चा लंबे समय से चली आ रही है। इस फिल्म के ट्रेलर और गानों का इंतजार प्रशंसकों को बेसब्री से है। रजनीकांत और लोकेश कनगराज की जोड़ी को देखने के लिए दर्शक अब 14 अगस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले लोकेश ने फिल्म 'लियो' बनाई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फिल्म में दलपति विजय मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

### भोजपुरी

# 'ममता की छांव में' का ट्रेलर कर रहा इमोशनल अपील, दर्शकों ने भी लिया हाथों हाथ

अरविंद अकेला कल्लू की भावुक फिल्म 'ममता की छांव में' का ट्रेलर जारी हो गया है, जो एक प्रेमी और मां-बेटे के अटूट रिश्ते की कहानी कहता है। रोमांस से शुरू होकर, यह फिल्म मां के प्रति बेटे के प्यार को दर्शाती है, जो उसकी शादी में भी बाधा बनता है। सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू की इमोशनल कर देने वाली फिल्म 'ममता की छांव में' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जहां एक तरफ ये लड़की के प्यार में पागल प्रेमी की कहानी है वहीं दूसरी तरफ ये मां-बेटे के रिश्ते की अनोखी दास्तां भी सुना रही है। फिल्म का ये ट्रेलर भले रोमांस और मस्ती से शुरू हुआ हो लेकिन इसका अंत देखकर आपका भी गला रुंध सकता है।



भोजपुरी सिनेमा के यंग सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ममता की छांव में' के ट्रेलर सुर म्यूजिक वर्ल्ड प्रा. लिमिटेड के बैनर तले रिलीज किया गया। ट्रेलर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर इसे लेकर खूब चर्चा है और दर्शकों की भावनाओं को छूने में कामयाब रहा है।

यह फिल्म एक ऐसे बेटे की कहानी बयां करती है, जो अपनी मां से बेहद प्यार करता है और उनके साये से कभी दूर नहीं होना चाहता। मां के प्रति बेटे की अगाध श्रद्धा और स्नेह, उसकी शादी तक की राह में दीवार बन जाती है। ट्रेलर के इमोशनल सीन और दमदार डायलॉग ने दर्शकों को झकझोर कर रख दिया है। कल्लू की एक्टिंग में संवेदनशीलता के साथ-साथ मैच्योरिटी की झलक साफ देखी जा सकती है।

फिल्म में कल्लू के साथ दो लीड एक्ट्रेसेस—आस्था सिंह और पूजा गांगुली—लव ट्राएंगल को दर्शाती हैं। निर्देशक लाल बाबू पंडित की कुशल निर्देशन शैली और भावनाओं की गहराई को छूती कहानी इस भोजपुरी फिल्म की जान है।

## लाइफ स्टाइल




लास वेगास का जादू

लास वेगास में रनवे फर्श से ऊपर उठता है, मॉडल रनवे पर चलते हैं और फैशन शो के भीतर अलग-अलग डिजाइनर के कपड़े पहनते हैं। यहाँ बहुत सी स्टाइल लोकप्रिय हैं और उनमें से कुछ काफी अनोखी हैं। मसलन, एक शो के दौरान महिला और पुरुष मॉडल साथ-साथ दिखे। इनकी थीम मौसम पर केंद्रित थी और दर्शकों ने इसे भरपूर दाद दी।

# पैरों के नाखून हो गए हैं काले तो इन्हें साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके

भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। इसलिए आपको घर पर ही नाखून साफ करने के तरीके मालूम होना चाहिए।

### बेकिंग सोडा

इसमें पाए जाने वाले तत्व आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने का काम करते हैं। नाखूनों को सफेद करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा।

### टूथपेस्ट

दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप सीधा पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें।



### संतरे का रस

संतरा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के रस में अंडे के सफेद भाग को मिलाकर नाखूनों पर लगाना है। ये नाखूनों को साफ करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देता है।

### बेसन और नींबू

नाखूनों को साफ करने के लिए नींबू के रस में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं।

### जैतून का तेल

इस तेल की मदद से आप नाखूनों पर जमा मैल हटा सकते हैं। ये नाखूनों को मुलायम बनाने के साथ इनमें जमे बैक्टिरिया को खत्म करने में मदद करेगा।

### इस बात का रखें ध्यान

अगर आप नाखूनों को हमेशा साफ रखना चाहते हैं तो हमेशा नाखूनों को साफ करने की कोशिश करें। आपके नाखून हमेशा ट्रिम और क्लीन होने चाहिए, ताकि इनमें गंदगी जमा ना होने पाए।

# टीवी की बहुओं का स्टाइल है सबसे अलग, इनके लुक से आप भी लें टिप्स



जिस तरह से लोग फिल्मों के शौकीन होते हैं, ठीक उसी तरह से बहुत सी महिलाओं को टीवी सीरियल देखने का शौक होता है। महिलाएं टीवी देखकर ही नए ट्रेंड के बारे में जानकारी लेती हैं। एक समय था, जब कई ऐसे सीरियल आते थे, जिनके मुख्य किरदारों ने अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीता है। इन किरदारों को आज भी लोग याद करते हैं।



खासतौर पर अगर बात करें टीवी की बहुओं की, तो टीवी की कई बहुएं ऐसी हैं, जिनकी एक्टिंग के साथ-साथ उनके लुक्स भी काफी खूबसूरत होते हैं। उन बहुओं को देखकर ही महिलाएं शादी-विवाह के लिए शॉपिंग तक करती हैं।

युवा लड़कियां इन अभिनेत्रियों के वेस्टर्न लुक से भी टिप्स लेती हैं। इन अभिनेत्रियों में हिना खान से लेकर रुपाली गांगुली तक का नाम शामिल है। इन सभी का अंदाज सबसे अलग और सबसे खूबसूरत है। ऐसे में आप चाहें तो उनके लुक्स से टिप्स ले सकती हैं।

**देवोलीना भट्टाचार्जी:** कुछ समय पहले ही शादी करने वाली देवोलीना भट्टाचार्जी एक समय गोपी बहू के नाम से मशहूर थीं। वो सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें साझा करती रहती हैं। साड़ी से लेकर ड्रेसेज तक में वो बेहद खूबसूरत लगती हैं।

**रुपाली गांगुली :** अनुपमा सीरियल आजकल महिलाओं को काफी पसंद आ रहा है। महिलाएं अनुपमा को अपनी जिंदगी से कनेक्ट करती हैं। सीरियल में अनुपमा का किरदार निभाने वालीं रुपाली गांगुली अक्सर साड़ी पहनें नजर आती हैं। वो ज्यादा ग्लैमरस ड्रेस तो नहीं पहनतीं, लेकिन फिर भी उनका हर अंदाज प्यारा लगता है।

**अंकिता लोखंडे:** टीवी सीरियल पवित्र रिश्ता में अंकिता हमेशा साड़ी पहनें दिखाई देती थीं, लेकिन असल जिंदगी में आप उन्हें पहचान नहीं सकते। असल जिंदगी में अंकिता एक से बढ़कर एक खूबसूरत ड्रेस पहनें नजर आती हैं। उन्हें स्टाइल आइकल भी कहा जाता है।

**आमना शरीफ:** स्टार प्लस के पुराने सीरियल कहीं तो होगा से लोगों के दिल में अपना घर बनाने वाली आमना का हर अंदाज काफी खूबसूरत होता है। आमना शरीफ साड़ी-लहंगा से लेकर वेस्टर्न ड्रेस में भी कमाल की लगती हैं।

# चिलचिलाती गर्मी में करना है मेकअप तो जरूर रखें कुछ बातों का ध्यान

गर्मियों में आपको त्वचा से जुड़ी कई तरह की परेशानियां होती हैं। ऐसे में हैवी मेकअप और उसके तत्व आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं। आप तो हर समय और हर मौसम में खूबसूरत दिखना चाहती हैं और इसमें आपकी मदद करता है मेकअप लेकिन गर्मियों में यही मेकअप आपको परेशान भी करता है, क्योंकि इस समय त्वचा अक्सर ऑयली और चिपचिपी दिखती है।

ऐसे में आपको हैवी मेकअप करने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे त्वचा के पोर्स बंद हो जाते हैं। इस समय हमारी त्वचा अधिक संवेदनशील होती है और मेकअप के तत्व इसे नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे आपको कील-मुंहासे, दाने या स्किन एलर्जी का सामना भी करना पड़ सकता है।

### फाउंडेशन

महिलाएं अक्सर अपने मेकअप में फाउंडेशन का अधिक उपयोग करती हैं, लेकिन गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से यह पसीने के साथ बह सकता है। कभी-कभी अधिक पसीने के कारण



भी यह फाउंडेशन आपके चेहरे पर दिखने लगता है। गर्मियों में हाई कवरेज फाउंडेशन चेहरे को अधिक सफेद बना सकता है, जिस वजह से आपका मेकअप लुक भद्दा दिखने लगता है, साथ ही आपकी त्वचा को भी नुकसान पहुंचा सकता है।

### मॉइश्चराइजर

इस समय आप हैवी मॉइश्चराइजर लगाने से भी बचें, क्योंकि इससे आपकी त्वचा ऑयली हो जाएगी और चिपचिपी नजर आएगी। बेहतर होगा कि आप लाइट मॉइश्चराइजर का चुनाव करें।

# गर्मी के मौसम में दफ्तर में पहनने के लिए बेस्ट हैं इस तरह के फुटवियर

शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा होगा, जो अपने दफ्तर में स्टाइलिश न दिखना चाहता हो। यही वजह है कि लोग मौसम के हिसाब से ऑफिस के लिए अपने कपड़ों से लेकर फुटवियर तक में बदलाव कर लेते हैं। इस गर्मी के मौसम में अगर कपड़ों और जूतों में बदलाव न किया जाए तो काफी परेशानी होने लगती है। कपड़े तो चल भी जाते हैं, लेकिन अगर आप सर्दियों वाले जूते और फुटवियर गर्मी के इस मौसम में पहनेंगे, तो पैरों में कई तरह की परेशानियां होने लगती हैं।

बहुत से लोगों को ये समझ नहीं आता है कि वो गर्मी के मौसम में अपने दफ्तर में कैसे फुटवियर पहनकर जा सकते हैं, जो आरामदायक तो हो ही, साथ में इन्हें पहनकर आपका स्टाइल भी खूबसूरत लगे। इसी परेशानी को देखते हुए इस लेख में हम आपको फुटवियर के कुछ ऐसे विकल्प दिखाने जा रहे हैं, जो गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए सबसे परफेक्ट हैं।

**स्नीकर्स:** बहुत सी लड़कियों को गर्मी के मौसम में पैरों में टैनिंग होने का डर रहता है। ऐसे में आप चाहें



तो स्नीकर्स पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। ये काफी आरामदायक तो होते ही हैं, साथ में इसे पहनने से आपके पैर ढके रहते हैं, तो टैनिंग का डर काफी कम होता है।

**कोल्हापुरी चप्पल:** अगर आपको ऐसे फुटवियर पसंद हैं, जो आरामदायक हों, तो कोल्हापुरी चप्पलें आपके लिए काफी बेहतर विकल्प है। ये जींस और कुर्ती के साथ भी कमाल की लगती हैं। अगर आप इसे सूट के साथ भी पहनेंगी, तो भी आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा।

## कार्नर न्यूज

### टीशर्ट पहनते वक्त परफेक्ट लुक को अपनाना जरूरी, लोग करेंगे तारीफ

# गर्मी के मौसम में टी शर्ट पहनना आसान, लेकिन स्टाइल का जरूर रखें ध्यान, सभी की नजरें टिकी रहेंगी आप पर

जिस तरह से लड़कियां अपने कपड़े से लेकर ज्वेलरी तक का खास ध्यान रखती हैं, ठीक उसी तरह से लड़के भी आजकल अपने स्टाइल का काफी ध्यान रखते हैं। ऑफिस से लेकर घूमने जाने तक के लिए वह स्टाइलिश कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसके लिए कई बार लड़के बॉलीवुड सेलिब्रिटी से भी टिप्स लेते हैं, पर कई बार ऐसा होता है कि टिप्स लेने के बाद भी लड़के कपड़ों को सही से कैरी नहीं कर पाते।

आपको टी-शर्ट पहनकर परफेक्ट लुक पाने के लिए कुछ टिप्स बताएंगे। हालांकि टी-शर्ट पहनना काफी आसान है लेकिन फिर भी इसे पहनते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप टी-शर्ट पहनते समय कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो आपका लुक किसी हीरो से काम नहीं लगेगा। तो चलिए बिना देर करते हुए इन टिप्स के बारे में आपको बताते हैं।



### सही हो फिटिंग

अगर आप पोलो टीशर्ट पहन रहे हैं, तो ध्यान रखें कि उसकी फिटिंग सही हो। अगर टीशर्ट ज्यादा ढीली होगी तो ये देखने में अजीब होगी, वहीं ज्यादा टाइट टीशर्ट आपके लुक को बिगाड़ सकती है। इसे पहनने से शरीर का आकार भी अजीब दिखता है।

### कॉलर करें सही से सेट

एक समय था जब ज्यादातर लड़के टीशर्ट के कॉलर को खड़ा रखते थे, लेकिन अब वक्त बदल गया है। आज के समय टीशर्ट का कॉलर सही से सेट किया हुआ ही अच्छा लगता है।



### बटन रखें बंद

टीशर्ट का परफेक्ट लुक पाने के लिए सिर्फ सबसे ऊपर वाला बटन खोल कर रखें। अगर आप सारे बटन खोलकर रखेंगे, तो ये देखने में काफी अजीब लगता है। खासतौर पर अगर आप दफ्तर जा रहे हैं, तो बटन का खास ध्यान रखें।

### टक इन करें या नहीं

अगर आपका पेट निकला हुआ है, तो कभी टीशर्ट को टकइन न करें। इससे पेट और अजीब दिखेगा। वहीं अगर आप एकदम फिट हैं, तो अपनी पसंद के हिसाब के टीशर्ट को टकइन कर सकते हैं।

### पॉकेट वाली टीशर्ट से रहें दूर

ज्यादातर टीशर्ट पर आगे की तरफ एक साइड पॉकेट लगी होती है। भले ही ये देखने में अच्छी लगती हो, लेकिन अगर आप इसे पहनेंगे तो आपका लुक खराब दिख सकता हैं।